

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 168

ग्वालियर, सोमवार, 07 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



# पीएम मोदी ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना का किया उद्घाटन, मेट्रो में बैठे बच्चों से की बातचीत

**पुणे।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को एक दिन के दौरे पर पुणे पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुणेवासियों को मेट्रो का तोहफा दिया। मेट्रो रेल परियोजना के उद्घाटन के वक्त उनके साथ राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और भाजपा नेता देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद रहे। पीएम ने यात्रा के समय मेट्रो में मौजूद बच्चों से बात भी की। पुणे मेट्रो का उद्घाटन करने पहुंचे पीएम ने खुद मेट्रो का टिकट लेकर सवारी की। पीएम मोदी ने गरवारे कॉलेज से आनंद नगर तक पुणे मेट्रो में यात्रा की है। पीएम मोदी ने कुल 32।2 किलोमीटर लंबी परियोजना के 12 किलोमीटर के हिस्से का गरवारे मेट्रो स्टेशन पर उद्घाटन किया और इस स्टेशन से आनंदनगर स्टेशन तक मेट्रो की यात्रा की। पुणे मेट्रो परियोजना की कुल लागत 11,400 करोड़ रुपए से अधिक है। प्रधानमंत्री ने 24 दिसंबर, 2016 को इस परियोजना की आधारशिला रखी थी।



इससे पहले प्रधानमंत्री ने पुणे आते ही पुणे नगर निगम परिसर (पीएमसी) में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। इस प्रतिमा की खासियत यह है कि यह 1,850 किलोग्राम गनमेटल से बनी है और लगभग 9।5 फीट लंबी है। प्रधानमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुणे मेट्रो रेल परियोजना को कुल 11,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। पुणे में पहले चरण के तहत पीसीएमसी से स्वारगेट और वनाज से रामवाड़ी दो रूट पर मेट्रो चलेगी। पीसीएमसी से स्वारगेट तक के रूट की लंबाई 11।4 किलोमीटर की है जिसमें 14 स्टेशन हैं। पीसीएमसी से स्वारगेट रूट पर शिवाजीनगर से स्वारगेट तक 6 किलोमीटर का अंडरग्राउंड मार्ग है, जिसमें 5 स्टेशन होंगे। वहीं दूसरा रूट वनाज से रामवाड़ी 15।7 किलोमीटर का है और पूरी तरह से एलिवेटेड है। इसमें कुल 16 स्टेशन होंगे। प्रधानमंत्री मोदी बनेर में निर्मित 100 ई-बसों और ई-बस डिपो का भी शुभारंभ करेंगे। पीएम इसके साथ ही मुला-मुथा नदी परियोजनाओं के कायाकल्प और प्रदूषण उन्मूलन की आधारशिला भी रखेंगे। 1,080 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना लागत से नदी के 9 किमी के हिस्से में कायाकल्प किया जाएगा। इसमें नदी किनारे संरक्षण, इंटरसेप्टर सीवेज नेटवर्क, सार्वजनिक सुविधाएं, नौका विहार गतिविधि आदि जैसे कार्य शामिल होंगे। बता दें कि मुला-मुथा नदी प्रदूषण उपशमन परियोजना एक शहर एक संचालक की अवधारणा पर 1,470 करोड़ रुपए से अधिक लागत से लागू की जाएगी।

## पेट्रोल टैंक फुल करवा लीजिए, खत्म होने वाला है केंद्र का 'चुनावी' ऑफर: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों में जारी विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी की आशंका के मद्देनजर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तंज करते हुए वर्तमान



कीमतों को जनता के लिए चुनावी ऑफर बताया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, फटाफट पेट्रोल टैंक फुल करवा लीजिए। मोदी सरकार का चुनावी ऑफर खत्म होने जा रहा है। इससे पहले यूक्रेन संकट के बीच एक मार्च से कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के नए रेट जारी किए जाने पर भी राहुल गांधी ने ट्वीट किया था, एलपीजी के दाम एक बार फिर बढ़ाकर मोदी सरकार ने साफ कर दिया है कि आम जनता की तकलीफों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। एक मार्च से कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 105 रुपए का इजाफा हो चुका है। कमर्शियल सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी होने से होटल और रेस्टोरेंट चलाने वाले व्यवसायियों की जेब पर ज्यादा असर पड़ने लगा है। 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 1 मार्च से दिल्ली में 1907 रुपये के बजाय 2012 रुपये में मिल रहा है।

## ईमानदारी से नतीजे घोषित किए गए तो भाजपा को झेलना पड़ेगा काफी नुकसान : राकेश टिकैत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के छह चरण के मतदान हो चुके हैं। अंतिम चरण के मतदान से पहले भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि अगर ईमानदारी से चुनाव नतीजे



आए तो इस बार भाजपा को काफी नुकसान होगा। यूपी विधानसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की वोटिंग 7 मार्च को कराई जाएगी, इस दौर में 54 सीटों पर मतदान हो रहा है, जिनपर 613 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सातवें दौर में 2 करोड़ 6 लाख मतदाता है। इनमें 1 करोड़ 10 लाख पुरुष और 96 लाख महिला मतदाता हैं। इस दौर में 1017 तीसरे लिंग वाले मतदाता भी हैं। सातवें चरण से पहले किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि, भाजपा को छह चरणों में ईमानदारी का नुकसान है, यदि बेईमानी करते हैं, तो कम नुकसान होगा, सरकार से लोग नाराज हैं। हालांकि आंकड़ा नहीं बता सकता, लेकिन काफी नुकसान है। भाजपा की सरकारी यूनिवर्सिटी जो नागपुर में है, वह भाजपा हारे हुए छात्रों को भी जीत का सर्टिफिकेट दे देते हैं। इस बार भी जो प्रत्याशी हार जाएगा, उसे जीत का सर्टिफिकेट दिया जाएगा, क्योंकि इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। हम भाजपा नेताओं से बात नहीं करते, लेकिन सरकार से बात करना चाहते जो वह करते नहीं।

# पूरी दुनिया को प्रभावित करेगी यह लड़ाई, गहराएगा खाद्य संकट, आम आदमी पर पड़ेगी महंगाई की मार

**कीव।** यूक्रेन में जारी लड़ाई से दुनिया के बाकी मुल्?क भी प्रभावित होंगे। इससे खाद्य आपूर्ति के प्रभावित होने का खतरा है। इससे खाद्य संकट गहराएगा और आम आदमी पर महंगाई की तगड़ी मार पड़ेगी। जाहिर है इस जंग ने एक बड़े वैश्विक संकट को जन्म दिया है। बार्सिलोना, एपी। यूक्रेन में जारी लड़ाई का चौतरफा असर नजर आएगा। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक इस लड़ाई के चलते यूरोप, अफ्रीका और एशिया के लोगों की खाद्य आपूर्ति और आजीविका दोनों पर संकट गहरा गया है। दरअसल काला सागर का विशाल क्षेत्र उपजाऊ खेतों पर निर्भर हैं। इसको दुनिया की रोटी की टोकरी के रूप में जाना जाता है। खेती किसानी सब चौपट होने की ओर है क्योंकि इस लड़ाई के चलते लाखों यूक्रेनी किसानों को पलायन करना पड़ा है।



### कीमतों में 55 फीसद की वृद्धि

मौजूदा वक्त में बंदरगाहों को बंद कर दिया गया है। ये बंदरगाह खाद्य आपूर्ति के बड़े केंद्र थे। ये दुनिया भर में रोटी नूडल्स और पशु चारा बनाने के लिए गेहूं एवं अन्य खाद्य सामग्री की आपूर्ति करते थे। हालांकि गेहूं की आपूर्ति में अभी तक वैश्विक व्यवधान नहीं आया है लेकिन आगे कुछ भी हो सकता है। इसी अनिश्चितता के चलते खाद्य सामग्री की कीमतों में 55 फीसद की वृद्धि हुई है। इसका फायदा रूस को मिल सकता है। रूस से खाद्यान्न का निर्यात बढ़ सकता है।

### खाद्य असुरक्षा का करना पड़ सकता है सामना

अंतर्राष्ट्रीय अनाज परिषद के निदेशक अरनौद पेटिट ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि यदि यह युद्ध लंबे समय तक चलता है तो यूक्रेन से सस्ते गेहूं के आयात पर भरोसा करने वाले देशों को जुलाई में खाद्य सामग्री में किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। इस संकट से पैदा हुई खाद्य असुरक्षा मिस्र और लेबनान जैसी जगहों पर बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी में ढकेल सकती है। यहां सरकार की ओर से खाद्य सब्सिडी दी जाती है।

### यूरोप पर होगा व्यापक असर

यूरोप में यूक्रेन से आयात होने वाले उत्पादों की कमी को लेकर अभी से तैयारियां होने लगी हैं। यूरोप के पशुओं के चारे की कीमतों में वृद्धि की आशंकाएं हैं। इससे मांस और डेयरी के उत्पाद महंगे हो सकते हैं। दरअसल रूस और यूक्रेन दुनिया के लगभग एक तिहाई हिस्से में गेहूं और जौ का निर्यात करते हैं।

### यूक्रेन ने पश्चिमी देशों के साथ हाथ मिलाया तो खत्म हो जाएगा कीव का अस्तित्व : पुतिन

कीव। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन ने यूक्रेन को धमकी दी है कि अगर वह दुनियाभर के देशों को लामबंद करके रूस पर प्रतिबंध लगवाता रहा तो कीव का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन की तरफ से मारियुपोल में भी सीजफायर तोड़ा गया। उल्लेखनीय है कि रूस ने यूक्रेन के दो शहरों में कल सीजफायर घोषित किया था जिससे कि यहां से आम नागरिक निकल सकें। बता दें कि 10 दिन से लगातार जारी युद्ध और रूस के तेज हमलों के बीच अब तक 14 लाख से ज्यादा यूक्रेनी लोग देश छोड़ चुके हैं। रात के समय रूस की सेनाओं ने भी मारियुपोल में जमकर बमबारी की। इसमें बहुत सारे लोगों की जान चली गई। वहीं यूक्रेन में लोग आर्मी जॉइन करने के लिए तैयार हो गए हैं। 18 साल से 60 साल तक के लोग रूस के खिलाफ हथियार उठाने को तैयार हैं। रूस का कहना है कि इस युद्ध के लिए यूक्रेन का नेतृत्व जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, अगर जेलेंस्की इसी तरह का काम करते रहे तो यूक्रेन के अस्तित्व के लिए संकट खड़ा हो जाएगा।

### रूस ने देर रात खारकीव पर फिर से हवाई हमले किए, कई इमारतों में लगी आग

**कीव।** रूस ने 11वें दिन यूक्रेन पर हमला फिर तेज कर दिया है। रूस ने देर रात खारकीव पर फिर से हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि इस हमले में कई इमारतों में आग लग गई है। हालांकि अभी इस हमले में किसी के हताहत होने की सूचना अभी तक सामने नहीं आई है। मालूम हो कि रूस ने कल यूक्रेनी शहर मारियुपोल और वोल्नोवाखा के नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए सीजफायर की घोषणा की थी, लेकिन नागरिकों को वहां सुरक्षित निकालने के लिए बनाया गया ह्यूमन कॉरिडोर बहुत देर तक खुला नहीं रह सका। कुछ ही घंटे बात रूस ने फिर से हमले शुरू कर दिए थे। यूक्रेन ने आईएईए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) को बताया था कि रूसी सेना ने जेपोरिजजिया परमाणु संयंत्र की साइट पर नियंत्रण कर लिया है। हालांकि संयंत्र के छह रिएक्टरों की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई है। वहीं दो दिन पहले अमेरिका ने यूएनएससी की आपातकाली बैठक में रूस से कहा था कि वह परमाणु संयंत्रों को युद्ध का हिस्?सा ना बनाए। यूक्रेन के रष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से फोन पर बात कर मदद मांगी है।

# यूपी चुनाव : 7वॉ और अंतिम चरण का मतदान आज



### 9 जिलों की 54 विधानसभा सीटों के लिए होगा मतदान

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव का अंतिम और सातवें चरण के मतदान में कुछ ही घंटे बचे हैं, ऐसे में प्रमुख राजनीतिक दलों के लिए दांव अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। पूर्वांचल की कुल 54 विधानसभा सीटों पर सात मार्च को मतदान होगा जबकि सभी चरणों की मतगणना 10 मार्च को होगी। अंतिम चरण में जिन जिलों में मतदान होना है उनमें आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, भदोही और सोनभद्र हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला के अनुसार सातवें चरण में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इस चरण में 54 सीटों पर कुल 613 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे, जिसमें 11 अनुसूचित जाति के आरक्षित और दो अनुसूचित जनजाति के लिए लगभग 2.06 करोड़ मतदाता शामिल हैं। यह अंतिम दौर भाजपा और समाजवादी पार्टी दोनों के छोटे जाति-आधारित दलों के साथ गठजोड़ की भी परीक्षा होगी। बीजेपी के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल), निषाद पार्टी और अखिलेश यादव के नए दोस्त अपना दल (के), ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) और अन्य अपने समर्थक ताबड़तोड़ रैली करने में लगे हैं। कभी समाजवादी पार्टी का गढ़ माने जाने वाले इस क्षेत्र में 2017 में बीजेपी ने अपने सहयोगी अपना दल (4) और एसबीएसपी (3) के साथ 29 सीटें जीतकर अपनी पैठ बनाई। बसपा को छह और समाजवादी पार्टी को 11 सीटें मिली थीं।

समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने जौनपुर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो मल्हानी सीट से अपने लंबे समय के सहयोगी स्वर्गीय पारसनाथ यादव के बेटे लकी यादव के लिए समर्थन में आया। मुलायम सिंह ने इससे पहले मैनपुरी की करहल सीट पर अपने बेटे और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए प्रचार किया था। इस चरण के प्रमुख प्रतियोगियों में यूपी के मंत्री नीलकंठ तिवारी, अनिल राजभर, रवींद्र जायसवाल, गिरीश यादव और राम शंकर सिंह पटेल शामिल हैं। योगी आदित्यनाथ कैबिनेट से इस्तीफा देकर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए दारा सिंह चौहान भी मऊ के घोसी से चुनाव लड़ रहे हैं।

# बीएसएफ हेडक्वार्टर में जवान ने की फायरिंग

■ चार साथियों की जान लेकर किया सुसाइड

■ बीएसएफ ने कोर्ट औफ इन्‌ ायरी के आदेश दिए

**अमृतसर।** यहां सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के हेडक्वार्टर में बीएसएफ 144वीं बटालियन के एक कांस्टेबल ने अपने ही साथियों पर फयरिंग कर दी। घटना में 4 जवानों की मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य घायल हो गए। साथियों पर हमले के बाद जवान ने खुद को भी गोली मार ली। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद उसकी भी मौत हो गई। आरोप है कि जवान से ज्यादा ड्यूटी ली जा रही थी। उसकी पहचान महाराष्ट्र के रहने वाले सतेप्पा एसके के रूप में बताई जा रही है। घटना के बाद खासा में दहशत का माहौल है। बीएसएफ ने कोर्ट औफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए हैं। जान गंवाने वाले जवानों में हेड कांस्टेबल विनोद निवासी बिहार, हेड कांस्टेबल तोरास्कर डीएस निवासी महाराष्ट्र, हेड कांस्टेबल रतन सिंह, निवासी जम्मू-कश्मीर और हेड कांस्टेबल बलजिंदर सिंह, पानीपत हरियाणा हैं। अमृतसर के खासा



स्थित बीएसएफ की 144वीं बटालियन का मुख्यालय, जहां गोलीबारी की घटना हुई। पता चला है कि सतेप्पा से पिछले कुछ दिनों से लगातार ड्यूटी ली जा रही थी द्य इस बात से वह काफी परेशान हो गया था द्य उसकी बीएसएफ के एक बड़े अधिकारी से बहस भी हुई थी, लेकिन राहत कोई नहीं मिलीद्य रविवार की सुबह सतेप्पा ड्यूटी पर तैनात था। गुस्से में आकर उसने अपनी राइफल से गोलियां चलानी शुरू कर दी द्य गोलियां चलने की आवाज सुनकर अन्य जवानों ने इधर-उधर भागना शुरू कर दिया द्य लगभग 9 लोगों को गोलियां लगीद्य कई जवान घायल बताए जा रहे हैंद्य दो जवानों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो अन्य ने अस्पताल ले जाते हुए दम तोड़ा।

# यूक्रेन से लौटे यूपी के 50 बच्चों से सीएम योगी ने की मुलाकात

### सभी स्टूडेंटस ने एक स्वर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास को सराहा

**लखनऊ।** यूक्रेन तथा रूस के बीच 11वें दिन भी जारी जंग के बीच अब तक 13000 से अधिक भारतीयों की हो वतन वापसी हो चुकी है। भारत आने वाले यूपी के 50 मेडिकल छात्र-छात्राओं ने लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भेंट की। इन सभी ने एक स्वर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास को जमकर सराहा। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों से उनकी सकुशल स्वदेश वापसी के अनुभव को भी जाना। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ में



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा भी थे। यूक्रेन से वापस लौटे गोरखपुर के भी चार छात्रों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इनमें बसंतपुर निवासी रमेश कुमार पांडेय के पुत्र अभीष्ट पांडेय, गीता वाटिका निवासी डा केवी गुप्ता की पुत्री शिवांजलि गुप्ता, पिपराइच निवासी सुरेश गुप्ता की पुत्री पूजा गुप्ता, कुसम्ही बाजार निवासी राजनाथ सिंह के पुत्र अनुराग कुमार सिंह थे। सीएम से मिलने वाले 50 छात्रों में सर्वाधिक 24 छात्र-छात्राएं लखनऊ के थे, जबकि कानपुर के भी पांच छात्र-छात्राओं ने उनसे मुलाकात की। सीएम ने छात्र-छात्राओं से भेंट के बाद कहा कि प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से यूक्रेन से सकुशल प्रदेश वापस आए छात्र-छात्राओं से उनके अनुभव को जाना। हम यूक्रेन में फंसे अपने सभी प्रदेश वासियों की सकुशल वापसी के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएम ने कहा कि भारत सरकारी मुहिम सफल रही। अभिभावकों के धैर्य को भी साधुवाद।

## खास खबर

### पीएम मोदी ने किया छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण

**पुणे।** रविवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुणे महानगरपालिका परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया. पीएम मोदी ने मनपा मुख्यालय में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की. एक अधिकारी ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा 1,850 किलोग्राम 'गनमेटल' से बनी है और इसकी लंबाई लगभग 9.5 फुट है. पुणे के महापौर मुरलीधर मोहोल ने यहां महानगरपालिका मुख्यालय में पीएम मोदी का अभिवादन किया और उन्हें विशेष रूप से तैयार की गई महाराष्ट्र की पारंपरिक टोपी 'फेटा' भेंट की. इससे पहले, महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, राज्य के कैबिनेट मंत्री एवं शिवसेना के वरिष्ठ नेता सुभाष देसाई, विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने यहां लोहेगांव अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत किया. पीएम मोदी ने पुणे दौरे के दौरान कुल 32.2 किलोमीटर लंबी मेट्रो रेल परियोजना के 12 किलोमीटर के हिस्से का गरवारे मेट्रो स्टेशन पर उद्घाटन किया और इस स्टेशन से आनंदनगर स्टेशन तक मेट्रो की यात्रा की. पुणे मेट्रो परियोजना की कुल लागत 11,400 करोड़ रुपये से अधिक है।

### भारत-पाक सीमा पर फिर टोह लेने आया पाक ड्रोन, बीएसएफ ने दागी 18 गोलियां

**श्रीगंगानगर।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर स्थित श्रीगंगानगर जिले में एक बार फिर से पाक की नापाक हरकत सामने आई है। यहां सीमा पार से पाकिस्तानी ड्रोन नापाक इरादों के साथ सीमावर्ती इलाके की टोह लेने के मकसद से तारबंदी तक पहुंच गया। जब इस पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने नजर पड़ी तो उन्होंने अपनी बंदूकों के मुंह खोल दिए। बीएसएफ के जवानों ने संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर करीब 18 राउंड फायर किए। संभावना है कि बीएसएफ की ओर से की गई फायरिंग में पाकिस्तानी ड्रोन क्षतिग्रस्त हो गया है। भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ सेक्टर की सीमा सुरक्षा बल की बिजौर चैक पोस्ट क्षेत्र में शुक्रवार देर रात करीब 1 से 2 बजे तारबंदी के पास एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन की मूवमेंट देखी गई। इस पर वहां तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उसे मार गिराने के लिये 18 राउंड फायर किए। उसके बाद शनिवार को सीमा सुरक्षा बल के जवानों और अन्य उच्चाधिकारियों ने बिंजौर चैक पोस्ट क्षेत्र का गहनता से निरीक्षण किया, लेकिन वहां कुछ मिला नहीं। अंदेशा जताया जा रहा है वह ड्रोन वापस पाक सीमा में चला गया।

### बनारस में चाय पर चर्चा का दौर शुरू होने के साथ बढ़ी चाय और खोमचों वालों की कमाई

**बनारस।** चाय पर चर्चा के लिए मशहूर बनारस में सियासी पारा चढ़ने के साथ कुल्हड़ की मांग बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत सोमवार को वाराणसी समेत नौ जिलों की 54 विधानसभा सीट पर मतदान किया जाएगा। बनारस में चाय पर चर्चा का दौर शुरू होने के साथ ही चाय की दुकानों और खोमचों पर लोगों की भीड़ भी बढ़ गई है। इसकी वजह से चाय विक्रेताओं के साथ-साथ कुल्हड़ निर्माताओं की आय बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारसी शगल दिखाते हुए शुक्रवार को बनारस के पप्पू चाय वाले की दुकान पर कुल्हड़ में चाय की चुस्कियां लीं। शुक्रवार शाम काशी विश्वनाथ धाम से लौटते वक्त मोदी का काफिला अस्सी इलाके में पप्पू की दुकान पर रुका, जहां उन्होंने कुल्हड़ में चाय पी थी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान काशी हिंदू विश्वविद्यालय के नजदीक स्थित इस चाय की दुकान पर प्रधानमंत्री का इंतजार कर रहे थे। चाय पीने के दौरान गले में भगवा गमछा डाले प्रधानमंत्री ने कुछ स्थानीय लोगों से बातचीत भी की थी।

### लैंडिंग के समय बंद हुआ बाईं ओर का इंजन, टला बड़ा हादसा

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में वायुसेना के चकेरी एयरपोर्ट पर एक बहुत बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक लैंडिंग के समय कोस्टगार्ड के एक विमान का बाईं तरफ का इंजन फेल हो गया। स्पीड तेज होने की वजह से वह असंतुलित हो गया और रनवे छोड़कर भागने लगा। कुछ दूर आगे जाकर वह हवाई अड्डे के एक निर्माण से टकराकर रुक गया और इस तरह एक बड़ा हादसा टल गया। इस हादसे में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं हैं। विमान की लैंडिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक यह विमान चेन्नई से कानपुर आ रहा था। लैंडिंग के वक्त कोस्टगार्ड विमान का बाया इंजन रनवे पर उतरते समय बंद हो गया। जिसकी वजह से विमान रनवे पर असंतुलित होकर एक तरफ मुड़ गया।

## न्यूज़ ट्रैक....

### रूस और बेलारूस को अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक से किया गया बैन

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ (एफआईजी) ने यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच रूसी और बेलारूसी एथलीटों और अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। एफआईजी की कार्यकारी समिति (ईसी) ने आपात बैठक में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सिफारिशों, एफआईजी एथलीट आयोग के रुख और कई राष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं और ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया। एफआईजी ने कहा, जजों सहित रूसी और बेलारूसी एथलीटों और अधिकारियों को 7 मार्च, 2022 से अगली सूचना तक एफआईजी प्रतियोगिताओं या एफआईजी-स्वीकृत प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। इसका मतलब है कि इन दोनों देशों के एथलीट और अधिकारी 10 से 13 मार्च तक अजरबैजान के बाकू में एक्रोबेटिक जिम्नास्टिक विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकते हैं। एफआईजी ने कहा, हम इस बात पर जोर देना चाहते हैं, कि इन असाधारण और आपातकालीन उपायों को युद्ध के कारण बनीं असाधारण परिस्थितियों के मद्देनजर तय और जारी किया गया है। हम जिमनास्टिक की अखंडता, सदस्यों और सभी एथलीटों और प्रतिभागियों की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने और सभी प्रकार की हिंसा तथा खेल अन्याय के खिलाफ ल?ने के उद्देश्य से निवारक उपायों का गठन करते हैं।

### अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले 11 वें गेंदबाज बने

**मोहाली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम रिकार्ड बनाया है। धनंजय डि सिल्वा को आउट करने के साथ ही अश्विन अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले विश्व के 11वें गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकार्ड न्यूजीलैंड के महान गेंदबाज सर रिचर्ड हेडली के नाम था। रिकार्ड तोड़ दिया। अश्विन के अब टेस्ट क्रिकेट में कुल 431 विकेट हो गये हैं। वहीं हेडली ने अपने टेस्ट करियर में कुल 431 विकेट लिए थे। अश्विन ने पहली पारी में श्रीलंका के ओपनर लाहिरू थिरिमाने को आउट किया जिससे वह हेडली की बराबरी पर आ गए। इसके बाद उन्होंने धनंजय को द्यड्ढ2 आउट किया जिससे वह हेडली से आगे निकल गए। अश्विन अपने टेस्ट करियर का 85वां मैच खेल रहे हैं। अश्विन अब श्रीलंका के दिग्गज गेंदबाज रंगना हेराथ , भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं। रंगना ने टेस्ट क्रिकेट में 433 विकेट लिए थे। वहीं, पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव के नाम 434 विकेट दर्ज हैं। इसके अलावा वह डेन स्टेन के 439 टेस्ट विकेटों का भी रिकॉर्ड ध्वस्त कर सकते हैं।

## क्रिकेट में भारतीय महिलाओं की दहाड़

# पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड कप में लगातार चौथी जीत, पहले मैच में 107 रन से हराया

**माउंट मॉनगनुई।** भारतीय महिला टीम ने पाकिस्तान को वर्ल्ड कप के पहले मैच में 107 रन से हरा दिया है। पाक के सामने 245 रन का टारगेट था, जिसके जवाब में टीम 43 ओवर में 137 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। सिद्रा अमीन (30) टॉप स्कोरर रही। भारत की ओर से राजेश्वरी गायकवाड ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।

इससे पहले टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट खोकर 244 रन का स्कोर बनाया था। टीम के लिए स्नेह राणा और पूजा वस्त्रकार कमाल की पारी खेली। पूजा ने 59 बॉल में 67 रन बनाए। वहीं, स्नेह के बल्ले से 53 रन निकले। स्मृति मंधाना ने भी 52 रन का योगदान दिया।

### भारतीय टीम ने लगाया जीत का चौका

पाकिस्तान के खिलाफ महिला वनडे वर्ल्ड कप में भारत की ये लगातार चौथी जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने पाक को 2009, 2013 और 2017 में खेले गए वर्ल्ड कप के मैच में धूल चटाई थी। वहीं, पाक के खिलाफ ओवरऑल भारत की ये लगातार 11वीं जीत रही।




### स्नेह-पूजा ने संभाली भारतीय पारी

पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 244 रन बनाए। भारत ने 6 विकेट जल्दी गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद टीम इंडिया के लिए स्नेह राणा और पूजा वस्त्रकार कमाल की पारी खेली। पूजा ने 59 बॉल में 67 रन बनाए। वहीं, स्नेह के बल्ले से 53 रन निकले। इन दोनों के आलावा दिप्ती शर्मा ने 40 और स्मृति मंधाना ने 52 रनों की पारी खेली। वॉर्म अप मैचों में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार शतक जड़ने वाली हरमनप्रीत कौर सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हुई। वहीं, ऋचा घोष और कप्तान मिताली राज भी कुछ खास कमाल नहीं कर पाई। ऋचा के बल्ले से 1 रन तो वहीं, मिताली सिर्फ 9 रन बनाकर आउट हुईं। पाकिस्तान के लिए नाशरा संधू और निदा डार ने सबसे ज्यादा दो-दो विकेट झटके।

### मंधाना का शानदार अर्धशतक

टीम इंडिया की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में शानदार अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 71 गेंद में 50 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 चौके और 1 छक्का निकला। हालांकि, वो बड़ी पारी नहीं खेल पाई और अनम अमीन की गेंद पर आउट हुईं। भारत के लिए नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने आईं दीप्ति शर्मा 40 रन बनाकर आउट हो गईं। उन्हें नाशरा संधू ने बोल्ड किया। दीप्ति ने अपनी पारी में 57 गेंदों पर 40 रन बनाए। पाकिस्तान के खिलाफ भारत का पहला विकेट जल्दी गिरा। शेफाली वर्मा पाकिस्तान की तेज गेंदबाज डायना बेग की गेंद पर बोल्ड हो गईं। वह अपना खाता भी नहीं खोल पाईं थीं। इसके बाद दीप्ति शर्मा और मंधाना ने भारतीय पारी को संभाला। दोनों टीमें वर्ल्ड कप में तीन बार आमने-सामने हुई हैं। ये तीनों मुकाबले 2009, 2013 और 2017 में खेले गए थे। तीनों मैच में टीम इंडिया को जीत मिली थी।

### दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

**भारत** XI= स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, हरमनप्रीत कौर, मिताली राज (कप्तान), ऋचा घोष, स्नेह राणा, झूलन गोस्वामी, मेघना सिंह,पूजा वस्त्रकार, राजेश्वरी गायकवाड

**पाकिस्तान** XI= जावेरिया खान, सिद्रा अमीन, बिस्माह मारूफ (कप्तान), ओमानिया सोहेल, निदा डार, अलिया रियाज, फातिमा सना, सिद्रा नवाज, डायना बेग, नाशरा संधू, अनम अमीन।

### वनडे में 11वीं बार आमने सामने हुई दोनों टीमें

दोनों टीमों ने वनडे में 10 मुकाबले खेले हैं और सभी मैच में भारत ने पाकिस्तान को हराया है। पिछले 10 में से 9 वनडे में भारत ने जीत मिताली राज की कप्तानी में ही दर्ज की है। मिताली राज पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी टीम इंडिया की कप्तान है। पाकिस्तान टीम की बात करें तो बिस्माह मारूफ की कप्तानी वाली टीम वार्मअप मैचों में मिली लगातार दो जीतों के साथ आत्मविश्वास से भरपूर है।

## अक्षर पटेल के दूसरे टेस्ट के लिए फिट होने की उम्मीद



**नई दिल्ली ।** भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल, जो श्रीलंका के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं है, वहां बेंगलुरु में होने वाले दूसरे डे-नाइट टेस्ट के लिए फिट होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक बाएं हाथ के स्पिनर, जो दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट के बाद से एक्शन से बाहर हैं। उनके बारे में जानकारी है कि वह पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और उनके श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है, जो 13 मार्च को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 20 फरवरी को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि अक्षर पटेल इस समय अपने रिहैबिलिएटेशन के दौर से गुजर रहे हैं और श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी को लेकर उनका आकलन किया जाएगा।




*कतर में मोटो जीपी में जीत के बाद प्रेमेक रेसिंग के जॉर्ज मार्टिन प्रशंसकों के साथ उत्साहित नजर आये।*

## व्यापार न्यूज

### प्यूमा, पेपल और कई बड़ी कंपनियों ने रूस में बंद किया काम

**मुंबई ।** युद्ध के खिलाफ लामबंद होते हुए प्यूमा कंपनी ने रूस में अपने उत्पादों की आपूर्ति और अपने स्टोर्स बंद करने का ऐलान किया है। इसके अलावा पेपल और एडोब ने रूस में अपना कामकाज बंद कर दिया है। साथ ही आईबीएम ने भी रूसी बाजार से अपना कारोबार समेटने की घोषणा की है। इन सब कंपनियों के अलावा वीजा, मास्टर कार्ड ने भी रूस में परिचालन निलंबित करने का ऐलान किया है। कंपनियों ने कहा कि वे आने वाले दिनों में रूस में सभी लेनदेन बंद कर देंगे। बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध पिछले लगभग 11 दिनों से लगातार जारी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को देश को रूस के आक्रमण से लड़ने में मदद करने के लिए अमेरिकी सीनेटरों से और अधिक विमान भेजने के लिए का आग्रह किया है। वहीं यूक्रेन के मारियुपोल और वोल्नोवाखा से लोगों को निकालने के लिए लागू किया गया सीजफायर टूट गया है। यूक्रेनी मीडिया के मुताबिक मारियूपोल में रूसी सेना ने सीजफायर तोड़ दिया है जिसके बाद मानवीय कॉरिडोर से आम लोगों को निकालने की प्रक्रिया सुरक्षा कारणों से रोक दी गई है। उधर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आगाह किया है कि मॉस्को यूक्रेन पर किसी भी तीसरे पक्ष की नो-फ्लाई ज़ोन की घोषणा को ﾕइस लड़ाई में भागीदार के रूप में माना जाएगा।

### वैश्विक बाजार में कच्चा तेल में जबरदस्त उछाल

**नई दिल्ली ।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की वजह से वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के भाव में जबरदस्त उछाल आया हुआ है। वहां पर कच्चे तेल का भाव 111.5 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाहाकार मचा हुआ है तो वहीं भारत में घरेलू तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। नवंबर 2021 से तेल के दाम स्थिर बने हुए हैं। गौरतलब है कि हर दिन सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। ईंधन के दामों से वैट चार्ज को कम किया था ईंधन के दामों से वैट चार्ज को कम किया था गौरतलब है कि पिछले साल 4 नवंबर को केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी को हटाया था उसके बाद से राज्य सरकारों ने भी ईंधन के दामों से वैट चार्ज को कम किया था, जिसके बाद तेल के दामों में कमी आई थी लेकिन आज भी कई राज्यों में एक लीटर पेट्रोल का दाम 100 रु प्रति लीटर से ज्यादा है।

### झारखंड में बीसीसीएल ने बनाया रिकॉर्ड

**रांची ।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी बीसीसीएल ने पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने की तुलना में फरवरी 2022 में कोयला उत्पादन और प्रेषण में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। कोल इंडिया की सहायक कंपनी बीसीसीएल का उत्पादन इस साल फरवरी में 61 प्रतिशत बढ़कर 32.4 लाख टन हो गया। इसके अलावा फरवरी महीने में कोयला ऑफटेक 66 प्रतिशत बढ़कर 29.3 लाख टन रहा, जो एक रिकॉर्ड है। कंपनी ने कहा कि बीसीसीएल ने पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने की तुलना में फरवरी 2022 में कोयला उत्पादन और प्रेषण में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है।

# रियल एस्टेट सेक्टर में विदेशी निवेश बढ़कर 23.9 अरब डॉलर पहुंचा



**मुंबई ।** देश के रियल एस्टेट सेक्टर में विदेशी निवेश 2017 से 2021 के दौरान इससे पिछले पांच वर्षों की तुलना में तीन गुना से अधिक ब?कर 23.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कोलियर्स और इंडस्ट्री बॉडी फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्?ट्री (फिक्की) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कोलियर्स ने भारतीय रियल एस्टेट में विदेशी निवेश पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक निवेशकों ने 2016 में नियामक सुधारों से उत्साहित देश के जमीन-जायदाद क्षेत्र में निवेश को लेकर रूचि दिखाई है। कंपनी ने कहा ?कि विदेशी निवेशकों ने 2017 से देश में अधिक उम्मीद के साथ निवेश करना शुरू किया है। इससे पहले विदेशी निवेशक भारत के रियल एस्टेट इंडस्ट्री में पारदर्शिता की कमी के कारण निवेश करने से बचते थे। आंक?ों के अनुसार देश के रियल एस्टेट सेक्टर में 2017 से 2021 की अवधि के दौरान विदेशी निवेश ब?कर 23.9 अरब डॉलर हो गया, जो 2012 से 2016 की अवधि के बीच 7.5 अरब डॉलर था। वहीं भारतीय अचल संपत्ति क्षेत्र में 2012 से 2021 के दौरान कुल निवेश ब?कर 49.4 अरब डॉलर हो गया। इसमें विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 64 फीसदी है। इसके अलावा भारतीय रियल एस्टेट में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 2017-2021 के दौरान बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई, जबकि इससे पिछले पांच साल की अवधि में यह 37 फीसदी थी। परामर्श कंपनी के अनुसार विदेशी

## इस सप्ताह सेंसेक्स में 1500 अंकों की रही गिरावट




**मुंबई ।** शेयर बाजार के लिए ?पिछला सप्ताह बहुत बुरा रहा। इस सप्ताह सेंसेक्स में 1525 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। आखिरी कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 54333 के स्तर पर और निफ्टी 16245 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स इस सप्ताह आठ महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ है। बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घटकर 246.79 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह बीएसई का मार्केट कैप 249.97 लाख करोड़ रुपए रहा था। इस सप्ताह शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में 3.18 लाख करोड़ रुपए की गिरावट आई। यूक्रेन पर रूस के हमले से वै?विक बाजार पर काफी दबाव है। इसके अलावा फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में भी बढ़ोतरी कर सकता है। विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से लगातार निकासी कर रहे हैं। मार्च में अब तक फॉरन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स शेयर बाजार से 14721 करोड़ की निकासी कर चुके हैं। इस साल अब तक एफपीआई ने शेयर बाजार से कुल 83616 करोड़ की निकासी की है। एक तरफ विदेशी निवेशक बिकवाली कर रहे हैं। दूसरी तरफ डोमेस्टिक इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स बड़े पैमाने पर खरीदारी कर रहे हैं। पिछले पांच महीने से इन्होंने खरीदारी की बात करें तो फरवरी में इन्होंने 42084 करोड़, जनवरी में 21928 करोड़, दिसंबर में 31231 करोड़, नवंबर में 30560 करोड़ और अक्टूबर में 4471 करोड़ की खरीदारी की।

## सरकार ने ओएमएसएस नीति में किया संशोधन: खाद्य सचिव

**नई दिल्ली ।** सरकार ने थोक उपभोक्ताओं और निजी व्यापारियों के लिए खाद्यान्न की खुली बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) में संशोधन किया है, जिसके तहत पिछले साल कोविड-19 महामारी के कारण माफ किए गए परिवहन शुल्क को फिर से बहाल कर दिया है। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने यह जानकारी दी। ओएमएसएस नीति के तहत सरकार भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को थोक उपभोक्ताओं और निजी व्यापारियों को समय-समय पर खुले बाजार में पूर्व निर्धारित कीमतों पर खाद्यान्न, विशेष रूप से गेहूं और चावल बेचने की अनुमति देती है। नीति का उद्देश्य विशेष रूप से बेमौसम के दौरान अनाज की आपूर्ति बढ़ाना है और इस प्रकार सामान्य खुले बाजार में, विशेष रूप से घाटे वाले क्षेत्रों में कीमतों को कम करना है। पांडेय ने एक आभासी संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि संशोधित ओएमएसएस नीति में केवल एक बदलाव किया गया है और परिवहन शुल्क को फिर से बहाल किया गया है, जो खर्च कोविड-19 के कारण पिछले साल भारत सरकार ने वहन किया गया था। सचिव ने यह भी उल्लेख किया कि इस वर्ष ओएमएसएस के तहत अनाज की बिक्री अब तक की सबसे अधिक रही है और 75 लाख टन के लक्ष्य को पार कर गई है। उन्होंने कहा कि कुल बिक्री 85 लाख टन तक




# गौतम अडानी ने फिर हासिल किया एशिया के सबसे बड़े रईस का रुतबा

### रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी टाप 10 से बाहर

**नई दिल्ली ।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने एक बार फिर एशिया के सबसे बड़े रईस होने का रुतबा हासिल कर लिया है। उन्होंने देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पछाड़कर यह रुतबा हासिल किया है। इस साल दूसरी बार अडानी ने अमीरों की लिस्ट में अंबानी को पीछे छोड़ा है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अडानी 86.6 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ एशिया में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अडानी 10वें नंबर पर हैं इस साल कमाई के मामले में अडानी सबसे ऊपर हैं।इस साल उनकी नेटवर्थ में 10 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। टॉप टेन अमीरों में अडानी के अलावा केवल अमेरिका के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे ने कमाई की है। बाकी सभी अमीरों की नेटवर्थ में इस साल गिरावट आई है। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में 54.4 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इस बीच अंबानी इस



लिस्ट में एक स्थान फिसलकर टॉप 10 से बाहर हो गए हैं। शुक्रवार को उनकी कंपनी रिलायंस के शेयरों में 2.12 फीसदी की गिरावट आई। इससे अंबानी की नेटवर्थ में 2.65 अरब डॉलर की गिरावट आई और यह 86.0 अरब डॉलर रह गई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 3.95 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

इस साल अंबानी दूसरी बार अडानी से पिछड़े हैं। इससे पहले फरवरी में भी अडानी उनसे आगे हो गए थे। हालांकि उनकी बादशाहत ज्यादा दिन नहीं रही थी और अंबानी फिर उनसे आगे हो गए थे। ब्लूमबर्ग के मुताबिक ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 170 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। फ्रांसीसी बिजनसमैन बर्नार्ड आरनॉल्ट (153 अरब डॉलर) तीसरे और माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स (128 अरब डॉलर) चौथे नंबर पर हैं। इंटरनेट उद्यमी लैरी पेज 118 अरब डॉलर के साथ पांचवें, जाने माने निवेशक वॉरेन बफे 118 अरब डॉलर की नेटवर्थ से साथ छठे, गूगल के को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन 113 अरब डॉलर के साथ सातवें, अमेरिकी बिजनसमैन स्टीव बाल्मर 105 अरब डॉलर के आठवें और लैरी एलिसन 94.9 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ नौवें स्थान पर हैं।

# मल्लिका शेरावत के बोल्ड अंदाज पर फैंस हार जाएंगे दिल, दिखा एक्ट्रेस का दिलकश अंदाज



मल्लिका शेरावत ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है. एक्ट्रेस अपने बोल्ड अंदाज के लिए इंडस्ट्री में जानी जाती हैं. खास बात ये है कि मल्लिक ने अब तक कई छोटी बड़ी फिल्मों में काम किया है. इतना ही नहीं मल्लिका बॉलीवुड इंडस्ट्री के उन चुनिंदा लोगों में से हैं जिन्होंने हॉलीवुड फिल्मों के लिए भी काम किया है. मल्लिका भले काफी समय से फिल्मों में नजर ना आई हों, लेकिन एक्ट्रेस आए दिन अपनी ग्लैमरस फोटोज फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं. हाल ही में मल्लिका ने फैंस को दीवाना करने वाली फोटोज शेयर की हैं. अपनी अदाओं से आग लगाने वाली एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने अपने करियर की शुरूआत टी.वी. विज्ञापनों से की थी. इस दौरान एक्ट्रेस ने अमिताभ बच्चन और शाहरूख खान जैसे कलाकारों के साथ काम किया था. लेकिन एक्ट्रेस ने फिल्मों में अपनी शुरुआत 'जीना सिर्फ मेरे लिए' में एक छोटे से किरदार से की थी. इसके बाद आई उनकी फिल्में 'ख्वाहिश' और 'मर्डर' से वे चर्चा में आ गईं. इस फिल्म के बाद मल्लिका को एक खास पहचान मिली. मल्लिका बोल्ड सीन ही नहीं शानदार एक्टिंग के लिए भी जानी जाती हैं. हाल ही में मल्लिका ने एक बार फिर से सोशल मीडिया पर अपनी हॉट फोटोज शेयर की हैं. इन फोटोज में एक्ट्रेस बीच की फोटोज शेयर की हैं. खास बात ये है कि एक्ट्रेस इन फोटोज में बिकिनी टॉप पर शार्ट्स में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने आंखों पर चश्मा पहना हुआ है. फोटो शेयर करते हुए मल्लिका ने बताया है कि ये उनकी पुरानी फोटो हैं. फोटोज में एक्ट्रेस के चहेरे पर मुस्कान भी देखी जा सकती है. मल्लिका अपने इसी खास अंदाज के लिए फैंस के बीच खास तौर पर जानी जाती हैं. फिलहाल मल्लिका की ये फोटोज तेजी से वायरल हो रही हैं।

### सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं मल्लिका

मल्लिका अब समय-समय पर सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट के जरिए फैंस को अपनी लाइफ अपडेट्स देती रहती हैं।

## स्वरा भास्कर ने साड़ी में दिखाए सेंशुअस मूव्स

बॉलीवुड में अपनी बेबाक अंदाज के लिए मशहूर एक्ट्रेस स्वरा भास्कर इन दिनों पार्टी मूड में नजर आ रही हैं. जी हां, एक्ट्रेस ने अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है जिसे लेकर एक्ट्रेस चर्चा में चल रही हैं. स्वरा भास्कर ने सोशल मीडिया पर अब से कुछ देर पहले अपना एक वीडियो पोस्ट किया है इस वीडियो में एक्ट्रेस साड़ी पहने हुए नजर आ रही हैं. इस वीडियो में वो अकेले आफ्टर पार्टी करते हुए नजर आ रही हैं. स्वरा भास्कर ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा , 'अकेली आफ्टर पार्टी.' कोई खास वजह न होने पर भी एक अच्छी वजह है.' स्वरा भास्कर ने इसे शुक्रवार भोर में पोस्ट में किया है. जहां स्वरा के फैंस उनकी इस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं. एक्ट्रेस के फैंस इस वीडियो पर लगातार कमेंट कर रहे हैं. जहां एक महिला यूजर ने एक्ट्रेस की वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा है कि ये हम हैं, और ये हमारी साड़ी है, और यहां हमारी आफ्टर पार्टी हो रही है. वहीं कुछ लोग उनका ये अंदाज देखने के बाद उन्हें जमकर ट्रोल भी कर रहे हैं. जी हां एक्ट्रेस के इस वीडियो को देख लोगों ने लिखा है कि ये मोदी को हराने निकली है तरह तरह के कमेंट इस वीडियो पर लगातार आ रहे है. जहां एक्ट्रेस इस वीडियो में बादशाह के गाने 'तारीफा' पर डांस कर रही हैं. जहां वो बेहद खुश भी हैं. एक्ट्रेस कई बार सोशल मीडिया पर सरकार के खिलाफ अपनी राय रखने को लेकर ट्रोल होती रहती हैं. फिल्मों की बात करें तो एक्ट्रेस हमें आखिरी बार साल 2018 में आई अपनी फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' में नाजर आई थीं. जहां इस फिल्म में उन्होंने साक्षी नाम की एक बिजनेस वुमन का किरदार निभाया था।



## सिंहस्टा और हनी सिंह का गाना मॉर्डन रांझा रिलीज होते ही मचा रहा धमाल

सिंगर सिंहस्टा और यो यो हनी सिंह एक बार फिर से एक दूसरे के साथ काम करते हुए नजर आए हैं। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि उनका नया गाना मॉर्डन रांझा आज रिलीज कर दिया गया है। ये गाना रिलीज होने के बाद से ही लगातार सुर्खियों में बना हुआ है और सोशल मीडिया यूट्यूब पर ट्रेंड भी कर रहा है। यो यो हनी सिंह और सिंहस्टा के इस गाने में दोनों जमकर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। मॉर्डन रांझाा गाने में एक कहानी भी चल रही होती है। पंजाबी पॉप म्यूजिक को बदलने में सिंहस्टा का बहुत बड़ा योगदान है। मॉर्डन रांझा का लेखन और कंपोज सिंहस्टा ने ही किया है। इस गाने के बोल मजेदार है और टेंपो बीट पर या बनाया गया है। यो यो हनी सिंह का ये गाना आज के युवाओं को काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। जिसको लोगों की तरफ से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। रिलीज होते इस गाने को ढेर सारे व्यूज भी मिल चुके हैं।


# प्रभास के साथ फिल्म सलार में श्रीनिधि शेट्टी करेगी रोमांस



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता प्रभास आने वाले दिनों में कई फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाले हैं। जिसमें उनकी फिल्म सलार भी शामिल है। इस फिल्म का ऐलान कुछ समय पहले ही मेकर्स ने कर दिया था। फिल्म का निर्देशन केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील करने वाले हैं। फिल्म केजीएफ 2 के प्रशांत नील सलार का निर्देशन करने वाले है। ऐसे में जाहिर है कि सुपरहिट कलाकारों की फिल्म के बारे में दर्शक जानने के लिए उत्साहित होंगे। फिल्म सलार को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज दिखाई दे रहा है। प्रभास की फिल्म सलार का ऐलान जब से हुआ है। दर्शक हर एक छोटी बड़ी बात जानना चाहते हैं। अब ऐसे में फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। जिसको जानने के बाद दर्शकों का उत्साह और भी ज्यादा बढ़ने वाला है। पहले आई खबरों में ऐसा कहा जा रहा था कि फिल्म सलार में प्रभास के साथ अभिनेत्री श्रुति हासन नजर आने वाली हैं। लेकिन अब कहा जा रहा है उसमें यह है कि प्रभास के साथ श्रुति हसन नहीं नजर आएंगी। इस वक्त कि आई ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि प्रभास के साथ सलार में श्रुति हासन नहीं बल्कि केजीएफ स्टार श्रीनिधि शेट्टी नजर आने वाली हैं। केजीएफ के निर्देशक प्रशांत नील ने अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी को फिल्म में प्रभास के ऑपोजिट साइन किया है। जिसमें श्रीनिधि शेट्टी प्रभास के साथ रोमांस करते हुए नजर आने वाली हैं। इसके अलावा उनका एक स्पेशल डांस नंबर भी होगा। इस गाने को लेकर मेकर्स की योजना है कि वो इसे बड़े स्तर पर निर्माण करें। हालांकि अगर हम बात करें फिल्म सलार की तो फिल्म को लेकर जल्दी ही काम शुरू होने वाला है।

# पहली बार डबल रोल में दिखेंगी श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर के हाथ एक और दिलचस्प फिल्म आ गई है. वह जल्द ही रोमांटिक कॉमेडी फिल्म चालबाज इन लंदन में नजर आएंगी. इस फिल्म को पंकज प्राशर डायरेक्ट करेंगे जिन्होंने श्रीदेवी की क्लासिक फिल्म चालबाज बनाई थी. ये फिल्म भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी सीरीज और डायरेक्टर अहम खान और शकीर खान के पेपल डॉल एंटरटेनमेंट के बैनर के तले बन रही है. इस फिल्म के जरिए श्रद्धा पहली बार डबल रोल में नजर आएंगी जिसके लिए वह काफी एक्साइटेड भी हैं. श्रद्धा का कहना है, 'मैं बहुत खुश हूं कि भूषण सर और अहमद सर को लगता है कि मैं इस किरदार को निभा पाऊंगी. हालांकि ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी



है जिसे मुझे पूरा करना है. ये मेरे लिए बड़ा मौका है और पंकज सर से मुझे काफी कुछ सीखने को मिलेगा. इस जर्नी को लेकर काफी नर्वस और एक्साइटेड हूं.'

वहीं फिल्म के डायरेक्टर प्राशर का कहना है कि उन्हें भरोसा है कि श्रद्धा इस फिल्म में अच्छा काम करेंगी. उन्होंने कहा, 'मेरे लिए चालबाज इन लंदन के लिए श्रद्धा से बेहतर कोई और नहीं है. मैं भूषण कुमार और अहमद खान को भी धन्यवाद कहना चाहूंगा जिन्होंने मेरे विजन और आइडिया को समझा और मुझपर ट्रस्ट किया. मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं.'

हालांकि अभी तक ये क्लीयर नहीं हो पाया है कि चालबाज इन लंदन श्रीदेवी की फिल्म चालबाज का रीमेक है नहीं. हालांकि भूषण का कहना है कि इस फिल्म की कहानी काफी अलग और दिलचस्प है जो इससे पहले नहीं सुनी।

## पलक तिवारी की डेब्यू फिल्म रोजी का टीजर रिलीज

छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री श्वेता तिवारी पिछले काफी समय से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई थी। अब इसी बीच अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत करने जा रही है। श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी इंडस्ट्री में फेमस चेहरा है। अब वो बॉलीवुड में अपने अभिनय को जलवा बिखेरते हुए नजर आएंगी। श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी उन्हीं की तरह बेहद खूबसूरत है। अब पलक तिवारी की डेब्यू फिल्म रोजी का टीजर रिलीज कर दिया गया है। पलक तिवारी फिल्म से अपने करियर की शुरुआत कर रही हैं। इन दिनों अपनी फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं। इसी बीच अब मेकर्स ने फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है। टीजर रिलीज होते ही वायरल हो रहा है। जिस पर लोगों की भी अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आ रही है। पलक तिवारी का ये वीडियो मशहूर फोटोग्राफर योगेश ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमें अभिनेत्री का अंदाज भी देखने वाला है। फिल्म में अरबाज खान की एंट्री भी होती है। जिसमे वाइस ओवर होता है कि, अगर भगवान हर जगह होता है तो प्यार भी हर जगह होता है।



# सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा शाहिद कपूर का फनी गाना




बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्मों में व्यस्त हैं। जिसमें उनकी फिल्म जर्सी जैसी शामिल है। इस फिल्म की शूटिंग अभिनेता ने कुछ समय पहले ही पूरी की है। अब फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद लगातार अभिनेता शाहिद कपूर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक के बाद एक मजेदार और फनी वीडियोस शेयर करते रहते हैं। अब हाल ही में अभिनेता शाहिद कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। अभिनेता के इस वीडियो को देखने के बाद आप अपनी हंसी नहीं रोक पाएंगे। शाहिद कपूर अपने इस वीडियो में बेसुरे अंदाज में गाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं इस दौरान उनका चेहरा भी काफी ज्यादा फनी लग रहा है। शाहिद कपूर ने अपना ये वीडियो जैसे ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट शेयर किया वैसे ही लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आने लगी। वहीं कई लोगों ने अभिनेता शाहिद कपूर के वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा कि, अरे भाई किस लाइन में आ गए। वहीं एक ने लिखा कि, ई का बवाल है। इसके अलावा और भी कई तरह के फनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर लोगों के सामने आ रही है।

# सावधान! अगर आप भी करती हैं हेअर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल तो जान लें इसके साइड इफेक्ट



आज के इस भाग दौड़ की जिंदगी में समय कम होने के कारण शरीर के अनचाहे बालो को हटाने के लिए बहुत से लोग बाजार में मिलने वाली कई कंपनीयों के हेअर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस तरह की हेअर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करने से कितनी सारी बीमारी और साइड इफेक्ट होते हैं। तो आइये जानते हैं कुछ ऐसे ही बुरे प्रभावों के बारे में....

1. हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करनेसे कोई फायदा नही क्यूंकि यह. लंबे समय तक नहीं चलते और जैसा की आपने देखा होगा कि जिस कोमलता का ये लोग वादा करते हैं वो सिर्फ 2-3 दिन के लिए ही होता है। इसलिए इन हेयर रिमूवल क्रीम का इस्तेमाल करने का कोई फ़ायदा नहीं होता है।

2. गन्दी महक हेयर रिमूवल क्रीम बेचने वाले चाहे कितना भी दावा कर लें कि इसमें फूलों की खुशबू है। लेकिन इसे जब आप लगाएंगी तो वही गंदी महक आती है।

3. मोटे बाल यह उन महिलायों के लिए बिलकुल अच्छा नहीं है जिनके बाल बहुत मोटे होते हैं। क्योंकि उन्हें हटाने के लिए बहुत सारी क्रीम का इस्तेमाल करना पड़ता है। और यह उन लोगो को बहुत महंगा पड़ता है। क्योंकि इनका छोटा पैक भी बहुत महंगा आता है।

4. चकत्ते अक्सर देखा गया है कि कुछ लोगों की संवेदनशील त्वचा होती है। और इसके इस्तेमाल से उनकी त्वचा में चकत्ते पड़ जाते हैं। कई बार इनमें बहुत दर्द होता हैं। जिसकी वजह से इन हेयर रिमूवल क्रीम के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

## सैनिटाइजर के ज्यादा इस्तेमाल से हो सकता है आपको नुकसान, जानिए साइड इफेक्ट

पूरी दुनिया इन दिनों कोरोना महामारी से जंग लड़ रही है। कोरोना से बचने के लिए तमाम देशों में वैक्सीन पर ट्रायल शुरू हो चुका है। हालांकि ये लोगों के पास कब तक आएगा ये साफ नहीं हो पाया है। ऐसे में इस वायरस से बचने के लिए मास्क और सैनिटाइजर ही लोगों के पास हथियार के रूप में बचा है। लेकिन क्या आपको पता है कि, ज्यादा सैनिटाइटर का इस्तेमाल नुकसानदेह है। जी हां, हाल ही में सैनिटाइजर को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी जारी की है। दरअसल स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि वे हैंड सैनिटाइजर का ज्यादा इस्तेमाल न करें। इसका बहुत अधिक उपयोग हानिकारक भी हो सकता है।



सैनिटाइजर अच्छे बैक्टीरियां को मारने का काम करता है इसीलिए जरूरत पड़ने पर हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने से खुजली और रेडनेस हो सकता हैं। जरूरत से ज्यादा हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने पर स्किन ड्राई हो जाती है। अगर आप खाने से पहले हाथों को हैंड सैनिटाइज करते हैं तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक है। अगर आप अपने होंठों को छूते है तो कोई बड़ी बात नहीं हैं। लेकिन अगर आपके मुंह में सैनिटाइजर जा रहा है तो अल्कोहल पाईजनिंग हो सकती हैं। सीडीसी के मुताबिक, खासकर बच्चे हैंड सैनिटाइजिंग करते समय पॉइजनिंग का शिकार होते हैं। इसीलिए बच्चों से सैनिटाइजर को दूर रखें। कई अध्यनों में इस बात का दावा किया गया कि अगर बच्चे जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करते है तो आपकी इम्युनिटी को नुकसान पहुंच सकता है। हैंड सैनिटाइजर में ट्राइक्लोसान नाम का केमिकल होता है। जो हाथों से स्किन में सोख लेती है। जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है।

## रेलवे का कवच

**सिद्धार्थ शंकर**

भारतीय रेलवे के सुरक्षा इतिहास में शुक्रवार 5 मार्च का दिन नई इबारत लिखने वाला साबित हुआ। दो ट्रेनों को चंद मीटर के फासले से एक दूसरे से भिडऩे से रोक दिया गया। दरअसल यह रेलवे की नई स्वदेशी सुरक्षा तकनीक कवच के दम पर हुआ। इस इतिहास के साक्षी खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बने। कवच ने सामने से आ रही ट्रेन की भिड़ंत से पूर्व रेल मंत्री की ट्रेन को 380 मीटर पहले ही रोक दिया। तेलंगाना के सिकंदराबाद में ट्रेनों के बीच कवच का परीक्षण किया गया। एक ट्रेन के इंजन पर रेल मंत्री वैष्णव सवार थे तो सामने से आ रही दूसरी ट्रेन में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व अन्य बड़े अधिकारी। यह परीक्षण सनत नगर-शंकरपल्ली खंड पर किया गया। कवच ऐसी स्वदेशी तकनीक है, जिसके इस्तेमाल से दो ट्रेनों की टक्कर रोकी जा सकेगी। यह दुनिया की सबसे सस्ती रेल सुरक्षा तकनीक है। जीरो ट्रेन एक्सीडेंट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस कवच का विकास किया गया है। यह स्वदेश में विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली है। कवच को एक ट्रेन को स्वत: रोकने के लिए बनाया गया है। जब डिजिटल सिस्टम को रेड सिग्नल या फिर किसी अन्य खराबी जैसी कोई मैन्युअल गलती दिखाई देती है, तो इस तकनीक के माध्यम से संबंधित मार्ग से गुजरने वाली ट्रेन अपने आप रुक जाती है। इस तकनीक को लागू करने के बाद इसके संचालन में 50 लाख रुपए प्रति किलोमीटर का खर्च आएगा। यह दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम है। दुनिया भर में ऐसी तकनीक पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च आता है। इस तकनीक में जब ऐसे सिग्नल से ट्रेन गुजरती है, जहां से गुजरने की अनुमति नहीं होती है तो इसके जरिए खतरे वाला सिग्नल भेजा जाता है। लोको पायलट अगर ट्रेन को रोकने में विफल साबित होता है तो फिर कवच तकनीक के जरिए से अपने आप ट्रेन के ब्रेक लग जाते हैं और हादसे से ट्रेन बच जाती है। इस तकनीक के अमल की घोषणा बजट में की गई थी। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत दो हजार किलोमीटर के रेलवे नेटवर्क को कवच तकनीक के दायरे में लाया जाएगा। अब तक, दक्षिण मध्य रेलवे की चल रही परियोजनाओं में कवच को 1098 किमी से अधिक मार्ग और 65 इंजनों पर लगाया जा चुका। यह तकनीक दिल्ली-मुंबई और दिल्ली हावड़ा कॉरिडोर पर लागू करने की योजना है। इस रूट की लंबाई करीब 3000 किलोमीटर है। केंद्र सरकार ने साल 2017 में एम-कवच ऐप को लॉन्च किया था। इससे यात्रियों को काफी सुरक्षा मिलेगी। बजट में रेल मंत्रालय को 140367.13 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं जो पिछले वित्त वर्ष से 20,311 करोड़ रुपए अधिक है। रेलवे ने दावा किया है कि इस कवच को ट्रेन में लगाने के बाद ट्रेनों के हादसे तकरीबन शून्य हो जाएंगे। कवज का पहला फील्ड ट्रायल फरवरी 2016 में शुरू किया गया था और मई 2017 में इसे पूरा कर लिया गया था। इसके बाद थर्ड पार्टी के द्वारा इसकी सुरक्षा का आकलन कराया गया। इसके बाद तीन फर्म को को आरडीएसो ने इसे तैयार करने के लिए चुना। पहले चरण में 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों के लिए इसे फाइनल किया गया बाद में इसे 160 किलोमीटर प्रति घंटे से चलने वाली ट्रेनों के लिए फाइनल किया गया। कवच प्रणाली मौजूदा सिग्नलिंग सिस्टम के साथ संपर्क बनाये रखता है तथा इसकी जानकारी परिचालन से जुड़े प्राधिकृत व्यक्तियों को निरंतर साझा करता रहता है। यह प्रणाली किसी भी आपात स्थिति में स्टेशन एवं लोको ड्राइवर को तत्काल कार्रवाई के लिए सचेत करने साइड-टक्कर, आमने-सामाने की टक्कर एवं पीछे से होने वाली टक्करों की रोकथाम करने में पूर्णतः सक्षम है । इसके साथ ही यह सिस्टम रोल बैक एवं फॉरवर्ड और रिवर्स मूवमेंट की स्थिति में लगातार सचेत करता है।

## तोप के मुहाने पर खड़ी मानव सभ्यता और कमजोर पड़ते मानवीय मूल्य

**सोनम लववंशी**



साहिर लुधियानवी की एक नज़्म है कि, ÷खून अपना हो या पराया हो; नस्ल-ए-आदम का खून है आखिर। जंग मशरिक़ में हो कि मग़रिब में, अम्न-ए-आलम का खून है आखिर।।÷ वर्तमान दौर में ये पंक्तियां एकदम सटीक बैठती हैं, क्योंकि जिस दौर में आज हम जी रहें हैं या कहें मानव सभ्यता जिस तरफ बढ़ रही है। उस मौजूदा हालात को देखकर यही अंदेशा लगाया जा रहा है कि दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की तरफ़ बढ़ रही है। दुनिया में अमन चैन जैसे शब्द अब बेमानी से लग रहे हैं। अभी चंद समय पहले ही दुनिया कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के भयाभय दौर से गुज़री है। एक ऐसी महामारी जिसका कोई इलाज़ नहीं, चंद पलों में ही लोगो ने अपनो को दम तोड़ते देखा है और ये किसी एक राष्ट्र की तस्वीर नहीं थी, बल्कि सम्पूर्ण विश्व में इस महामारी के चलते जो मौत का तांडव हुआ उसे भला कौन भूल सकता है? देखा जाए तो इस महामारी के ज़ख्म अभी भरे भी नहीं है कि दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की तरह बढ़ चली है। कोरोना महामारी ने विश्व को यह आईना जरूर दिखाया कि भले भी कोई देश कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो? भले ही परमाणु बम और अणुबम पर इतरा लें और महाशक्ति होने का गुमान क्यों न हो? लेकिन जब कोई महामारी मौत बनकर आती है। फिर 2022 में भी उसे सहजता के साथ टाला नहीं जा सकता है। इतना ही नहीं कोरोना काल में न सिर्फ अर्थव्यवस्था के पहिये लड़खड़ाये, बल्कि उल्लेखनीय बात है कि इस दौरान इंसान तक का मनोबल डगमगा गया। लोग डर के माहौल में जीने को मजबूर हो गए, लेकिन इस दौरान की जो एक विशेष बात रही। वह ये थी कि इस दौरान प्रकृति ने अपनी प्रवृत्ति नहीं बदली। ऐसे में दुनिया योग, प्राणायाम व शाकाहार की तरफ बढ़ी और आज इसी से प्रेरणा लेकर अमेरिका ने भी अपने 40 विश्व विद्यालयों में %अहिंसा परमो धमार्ऽ% का संदेश देते हुए सात्विक आहार से जुड़े पाठ्यक्रम को संचालित करने का निर्णय लिया है। जो न केवल कर्णप्रिय और सुकून देने वाला है, बल्कि एक सराहनीय पहल भी है। भले ही यह बहुत छोटी पहल हो पर अमेरिका जैसे देश का अहिंसा के प्रति झुकाव कई मायनों में अहम हो जाता है। पर मानव अपने स्वार्थ को त्याग दे यह भला कहाँ तक सम्भव है? आज यह कौन नहीं जानता कि युद्ध भले ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा हो, लेकिन इस युद्ध में अमेरिका का योगदान भी कम नहीं है। यूक्रेन को युद्ध के लिए उकसाने का काम अमेरिका ने ही किया है। इस युद्ध के अपने कई मायने है और इतना ही नहीं सबके अपने-अपने स्वार्थ भी है, लेकिन क्या युद्ध किसी भी समस्या का समाधान हो सकता है? नहीं ना!

गौरतलब हो कि दूसरी तरफ वर्तमान दौर में समूचा विश्व ग्लोबल वार्मिंग जैसे वैश्विक संकट को झेल रहा है। जिसका परिणाम आए दिन भूकम्प, बढ़ते जल संकट के रूप में सामने आ रहा है। इंसान स्वच्छ हवा-पानी तक को तरस रहा है। तो वहीं कोरोना का संकट भी अभी टला नहीं है। आए दिन नये-नये वेरिएंट लोगो पर मौत बनकर मंडरा रहे हैं। पर हमें इन सब बातों से भला कहाँ फर्क पड़ने वाला है? हमें तो आधुनिकता का नंगा नाच जो करना है। नित नए प्रयोग करना है, अणुबम बम से लेकर परमाणु बम तक का परीक्षण करना है। विश्व शक्ति बनना है। ऐसे में सर्वश्रेष्ठ बनने की चाहत में हम अपने ही विनाश की इबारत लिख रहे हैं। इसमें समूचा विश्व बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहा है। आज भले ही हम अपनी तकनीकी पर इतरा ले लेकिन आने वाली पीढ़ी को हम बारूद के ढेर पर बैठा रहे है। हमें समझना होगा कि मानव मात्र की भलाई अणुबम और परमाणु बम पर नहीं बल्कि सत्य, अहिंसा और दयाभाव पर टिकी हुई है। इसे केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। बल्कि हर मानव का यही धेय्य होना चाहिए कि उनके मन में दया और करुणा हो। लेकिन वर्तमान परिदृश्य को देखकर तो यही लगता है जैसे दो देशों का युद्ध महज़ समूचे विश्व के लिए मनोरंजन का साधन बन गया हो। किसी के दुःख दर्द को देखकर मानव संवेदना जैसे मर सी गई हो। दुनिया में भुखमरी, कुपोषण पर चर्चा हो न हो लेकिन किस देश के पास क्या और कितने हथियार है, कितने बम मिसाइल है इसकी चर्चा जोरों से शुरू हो गई है। ऐसे में हमें समझना होगा कि एक भूखे इंसान को हथियार नहीं बल्कि पेट भर अनाज चाहिए। अणुबम और परमाणु बम पर बैठकर अमन चैन की आस करना बेमानी है। देखा जाए तो दुनिया में यूं तो समय-समय पर कई युद्ध लड़े गए। खून की नदियां बहा दी गई ,परमाणु हथियारों तक का प्रयोग हुआ। पर इन युद्ध से किसका भला हुआ? युद्ध के केवल दुष्परिणाम ही सामने आते है। रूस यूक्रेन युद्ध भी कुछ समय के बाद थम जाएगा, लेकिन इस युद्ध में जिन लोगो ने अपनो को खोया है क्या उसकी भरपाई की जा सकेगी? प्रकृति के प्रदूषण को हम युद्ध के कारण पल भर में कई गुणा बढ़ा देंगे क्या उसको कम कर सकेंगे? कीव जो कि यूक्रेन की राजधानी है। आज जहरीले हवा का गुब्बारा उसके आसमान में घूम रहा है। ऐसे में सवाल कई हैं, लेकिन प्रभुत्व की लड़ाई ऐसी है जिन्हें हम देखकर भी अनदेखा कर रहे हैं। आज नहीं तो कल हमें इसके दुष्परिणाम भुगतने ही होंगे। तब कोई हथियार कोई असलहा- मिसाइल काम नहीं आएगी। आंकड़ो की बात करें तो 2020 में भारत सैन्य खर्च के मामले में अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। फिर भी आए दिन पाकिस्तान और चीन अपनी गिद्ध दृष्टि गड़ाये हुए है। भले ही पाकिस्तान में भुखमरी चरम पर हो लेकिन वहां की सरकार हथियार खरीदने में कोई कंजूसी नहीं करती है। भारत में अशांति फैलाने के लिए इन हथियारों का प्रयोग करती रहती है। वैसे यह पाकिस्तान को तय करना है कि उसके देश वासियों के लिए रोटी जरुरी है या फिर हथियार। वहीं अब कई देशों ने अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए अपना सैन्य बजट बढ़ाने की तैयारी कर ली है, जिसमें जर्मनी ने अपना सैन्य बजट 47 अरब यूरो से बढ़ाकर 100 अरब यूरो कर दिया है। ऐसे में समझ सकते हैं कि दुनिया अब अपने बच्चों को शिक्षा देने से ज्यादा हथियारों को इकठ्ठा करने पर उतावली है। फिर मानव सभ्यता और उसके मानवीय मूल्य कहाँ टिकेंगे? यह अपने आपमें बड़ा सवाल है।

ऐसे में निष्कर्ष स्वरूप यह कहें कि आज हर देश की सम्पन्नता का पैमाना बदल गया है, तो यह अतिश्योक्ति नहीं और अब जिस देश के पास जितना ज्यादा हथियार है। वह देश उतना ही शक्तिशाली माना जाने लगा है। दो देशों के युद्ध में समूचा विश्व अपना नफ़ा नुकसान तलाशने लगता है। उसे कोई फर्क नहीं पड़ता कि युद्ध के परिणाम क्या होंगे? कितने निर्दोष लोगों की जान चली जाएगी? लोग बेघर हो जाएंगे। मानव की प्रवृत्ति भी कितनी अजीब है कि कभी एक छोटे जीव की हत्या पर विश्व भर में कोहराम मचा देते है। आंदलोन की बाढ़ लग जाती है, लेकिन आज कोई देश आगे बढ़कर यह पहल करना ही नहीं चाहता कि युद्ध थम जाए। ऐसे में सवाल तो वैश्विक स्तर के संगठनों और महाशक्ति का दम्भ भरने वाले देशों पर भी है, लेकिन ये मानव प्रवृत्ति जो न करा दें। वह कम है, लेकिन अंतिम सत्य यही है कि युद्ध से किसी देश के संसाधनों पर कब्जा किया जा सकता, न कि वहां के लोगों के दिल जीते जा सकते। ऐसे में युद्ध और उसमें इस्तेमाल होने वाले उपकरणों से सृष्टि विनाश की तरफ ही बढ़ेगी, लेकिन यह समझने को तैयार कौन है। सवाल तो यही है, वरना महाशक्ति बनने की होड़ तो सबमें है।

## सुखी जीवन की राह

एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं। राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है। इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।

## अविश्वास,वर्चस्व व विस्तारवाद है हर युद्ध का कारण

**तनवीर जाफ़री**



आख़िरकार पिछले कई महीनों से रूस व यूक्रेन के मध्य चल रही युद्ध की दुर्भाग्यपूर्ण आशंका हक़ीक़त में बदल ही गयी। 1922 से लेकर 1991 तक यूनियन ऑफ़ सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक अर्थात (स्स्क्र) के रूप में एक साथ रहने वाले रूस व यूक्रेन का एक दूसरे देशों से ऐसा विश्वास उठ जायेगा कि दोनों देश युद्ध के उस मोड़ पर जा खड़े होंगे जहाँ से तीसरे विश्व युद्ध की चर्चा होने लगेगी,यह सोचा भी नहीं जा सकता था। परन्तु आज यह दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति दुनिया के सामने है। अक्सर ऐसा देखा गया है कि एक देश अथवा संघ के रूप में कभी साथ रहे ऐसे देश जब कभी भौगोलिक दृष्टि से अलग होते हैं तो किसी न किसी कारण उन्हीं देशों में परस्पर ऐसी रंजिश हो जाती है कि बात युद्ध की विभीषिका तक आ पहुँचती है। युद्ध नामक इस सामूहिक नरसंहार को भी समय समय पर अलग अलग नाम दिये जाते हैं। कभी यह तेल के लिये होने वाली लड़ाई बताई जाती है तो कभी इसे हथियार उत्पादक देशों द्वारा अपने हथियारों की बिक्री के लिये रचा गया चक्रव्यूह बताया जाता है। कोई इसे ईसाई -मुस्लिम के बीच छिड़ा सभ्यता का संघर्ष परिभाषित करता है तो कोई इसे रंग भेद की संज्ञा देता है। यहाँ तक कि कुछ लोग अभी से यह भी भविष्यवाणी करने लगे हैं कि भविष्य में पानी के लिये भी विश्व युद्ध हो सकता है।

युद्ध की विभीषिका का सामना करने वाले देशों में जब बच्चों,बुज़ुर्गों व लाचार महिलाओं की चीत्कार सुनाई देती है। उस समय ज़ेहन यह सोचने के लिये मजबूर हो जाता है कि संयुक्त राष्ट्र में बैठे एक से बढ़कर एक बुद्धिजीवी, दुनिया का बड़े से बड़े थिंक टैंक संगठन, दुनिया के देशों में शासन करने वाले तथाकथित रणनीतिकार व राजनीतिज्ञ, कूटनीज्ञ गोया स्वयं को दुनिया का सबसे संभ्रांत व अभिजात वर्ग समझने वाले %सफ़ेद पोश % लोगों के पास किन्हीं दो देशों के बीच पैदा होने वाली किसी भी समस्या के समाधान के लिये आख़िर युद्ध ही एकमात्र रास्ता क्यों बचता है? और यदि युद्ध ही किसी विवाद का एकमात्र हल है ऐसे में युद्ध में मारे जाने वाले लोग जिनकी युद्ध के लिये न तो सहमति होती है ,न ही वे युद्ध में हिस्सा ले रहे होते हैं,ऐसे साधारण नागरिकों को बम बारी का शिकार बनाना,पूरा देश तबाह कर देना,बसे-बसाये आबाद शहरों को खंडहर में तब्दील कर देना,इंसानों की लाशों को चील कौवों का शिकार बनने के लिये छोड़ देना,क्या यही सब डरावनी परिस्थितियां दुनिया के अभिजात्य वर्ग के हाथों में होने का परिणाम हैं ? दुनिया के कई देश तो वहां के सनकी शासकों की ज़िद व उनकी हठधर्मिता की वजह से बर्बाद हो चुके हैं। इसी तथाकथित अभिजात वर्ग की एक और वैश्विक स्तर की चतुराई देखिये। जिन हथियारों से बेगुनाह निहत्थों को मारा जाता है वह हथियार भी इन्हीं निरीह लोगों के टैक्स के पैसों से बनाये या ख़रीदे जाते हैं। परन्तु दुनिया के चंद गिने चुने लोग इन्हीं हथियारों से जब और जहाँ चाहें लाखों करोड़ों लोगों को मारने का फ़ैसला कर बैठते हैं। जनता के पैसों से हथियार ही नहीं बनाया या ख़रीदा जाता बल्कि युद्ध थोपने या युद्ध का निर्णय लेने वाले इस राजनैतिक व प्रशासनिक रणनीतिकारों का शाही ख़र्च,इनका सारा ऐश-ो-आराम,सभी सुविधायें भी जनता के टैक्स के पैसों से ही पूरी की जाती हैं ? प्रायः पूरी दुनिया में करदाताओं द्वारा टैक्स अपने अपने देश के विकास व प्रगति के लिये दिया जाता है। परन्तु अनेक देश इन्हीं पैसों का इस्तेमाल अपने देश के रक्षा बजट पर करते हैं। यदि कोई देश परमाणु संपन्न देश बन गया तो वह अपनी उसी नरसंहारक उपलब्धि पर इतराता फिरता है। वह अपने प्रतिस्पर्धी अथवा दुश्मन देशों को परमाणु बम की गीदड़ भपकी देता रहता है। ताज़ातरीन रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर जो थ्योरी बताई जा रही है उसके अनुसार यूक्रेन को भरोसा था कि पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका नाटो सदस्य देशों के साथ मिलकर उसकी मदद करेंगे। नेटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने यह कहा भी है कि रूस ने यूरोप में शांति भंग कर दी है। परन्तु फ़िलहाल अमेरिका या नाटो की ओर से किसी तरह की सहायता यूक्रेन को नहीं पहुंची है। उल्टे रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने ही अमेरिका सहित नाटो देशों को चेतावनी दे डाली है कि वे दूर रहें अन्यथा परिणाम प्रलयकारी होंगे।

## अग्रसोची सरकार... अब बीस महीनें विकास के...!

### सूडोकु नवताल- 6003

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6002 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

**ओमप्रकाश मेहता**



मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव बीस महीनें बाद अर्थात् अगले वर्ष (2023) नवम्बर माह में होना है, किंतु राज्य की शिवराज सरकार ने उसकी तैयारी के संकेत अभी से शुरू कर दिये है, शिवराज जी ने शायद यह तय कर लिया है कि 2023 के विधानसभा चुनाव वे राजनीति 'लफेबाजी' से नहीं बल्कि अपने कार्यों से प्रदेश के आम वोटर को प्रभावित कर जीतना चाहेगें और चूंकि प्रदेश नेतृत्व के सभी मन चाहे जनहित के कार्य सीमित अर्थव्यवस्था के चलते एक साल या एक बजट की समयसीमा में संभव नहीं है, इसलिए शिवराज सरकार इसी साल (2022-23) के बजट से विकास कार्यों के सम्पाद की शुरूआत करेगी और इसी साल के बजट में आर्थिक प्रावधान भी रखे जा रहे है। जिससे कि इस साल के बजट और अगले साल के चुनावी बजट के माध्यम से प्रदेश के जरूरी विकास कार्यों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जा सके, अर्थात् आर्थिक दृष्टि से चुनावी तैयारियाँ इसी वर्ष से शुरू की जा रही है, इस कहते है 'अग्रसोची' सरकारी पहल।

मध्यप्रदेश में पिछले उन्नीस सालों से भाजपा की सरकार है, यद्यपि 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को बहुमत मिला था और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनी थी किंतु वह सिर्फ पन्द्रह महीने ही चल पाई और युवा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत ने कांग्रेस सरकार को धराशायी कर दिया और प्रदेश में शिवराज जी की फिर सरकार बन गई। शिवराज जी 2005 से मुख्यमंत्री है, अर्थात् कमलनाथ सरकार के पन्द्रह महीनों को छोड़ शेष समय से अभी तक शिवराज जी ही मुख्यमंत्री है, किंतु अपने लगभग साढ़े सोलह साल के शासनकाल में शायद पहली बार शिवराज जी ने पूरे योजनाबद्ध तरीके से अगले साल का विधानसभा चुनाव लड़ने और फिर से भाजपा की सरकार बनाने का निश्चय किया है और यह इस साल का राज्य का भावी बजट इसी 'अग्रसोची सोच' का परिणाम है, जबकि प्रदेश की विकास योजनाओं को वास्तविक रूप से मूर्तरूप देने की कार्य योजना तैयार की जा रही है और इस बजट में उसके प्रावधान भी संभावित है। इस बार का बजट राज्य की जनसंख्या, किसान, मजदूर, बच्चें, महिला और यहां तक कि 'थर्ड जेण्डर' को भी दृष्टिगत रख तैयार किया गया है। वैसे बजट सरकार का एक गोपनीय दस्तावेज होता है, वह विधानसभा में प्रस्तुत होने के बाद ही उजागर होता है, किंतु जैसे कि कई स्तरों पर अनुमान लगाए जा रहे है, इस बजट में राज्य की अद्योसंरचना विकास पर खासा जोर दिया गया है, जिससे कि विकास को गति मिल सकेगी और इसके लिए लगभग चंवालिस हजार करोड़ का विशेष प्रावधान किया जा रहा है। सरकार आवास, पेयजल तथा गरीबी रेखा के नीचे के लोगों पर विशेष ध्यान देना चाहती है। इसके साथ ही सिंचाई व कृषि क्षेत्र से सम्बंधित परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया जा रहा है तथा इसके लिए अभी से बजट प्रावधान रखे जा रहे है। गांवों को सड़कों से जोड़ने तथा पुल-पुलियाओं के लिए भी विशेष राशि आवंटित की जाने वाली है।

वैसे इस बजट से प्रदेश की जनता की आम उम्मीदें भी जुड़ी है, विशेष कर पेट्रोल-डीजल के टेक्स में कमी, सरकारी खाली पदों की पूर्ति, स्वरोजार के पर्याप्त प्रावधान, पानी-बिजली, सम्पत्ति सहित अन्यों की प्रचलित करों में कमी, सामाजिक पेंशन में वृद्धि तथा कर्मचारी वेतनवृद्धि भी जन उम्मीदों में शामिल है। यद्यपि सरकार के सामने पांच बड़ी चुनौतियां भी है जिनमें कोरोना बीमारी, सरकार का कर्ज, निवेश वृद्धि, स्वास्थ्य परियोजनाएं और अधोसंरचना ये पांच चुनौतियां भी है, जिनसे सरकार को मौजूदा दायरें में ही निपटना है। इस प्रकार इस अग्रसोच के लिए जहां शिवराज सरकार को बधाई दी जानी चाहिये, वहीं उनके साहस की प्रशंसा भी की जानी चाहिये, क्योंकि देश में शायद पहली बार किसी राज्य की सरकार में सत्तारूढ़ राजनीति दल इतने योजनाबद्ध तरीके से चुनाव फतह करने का प्रयास कर रहा है।

## यूक्रेनः अब भी मौका है

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

विदेश मंत्रालय की सलाहकार समिति में भारत के पक्ष और विपक्ष के नेता भारत की यूक्रेन-नीति के बारे में एक-दूसरे से सहमत दिखाई पड़े। ये बात दूसरी है कि भारतीय छात्रों को यूक्रेन से बाहर निकाल लाने के सवाल पर कुछ विरोधी नेता अब भी सरकार की खिंचाई कर रहे हैं। असलियत तो यह है कि चाहे शुरु में भारत सरकार ने थोड़ी लापरवाही दिखाई लेकिन अब हमारे चार-चार केंद्रीय मंत्री और दूतावासों के सारे कर्मचारी अपने छात्रों को सुरक्षित लौटाने में जुटे हुए हैं। यह संतोष का विषय है कि हमारे बहुत ज्यादा नौजवान हताहत नहीं हुए हैं। एक नौजवान की जो मृत्यु हुई, वह भी बहुत दुखद रही लेकिन हमारे कई नौजवान कुछ यूक्रेनी शहरों में अभी भी फंसे हुए हैं। कुछ परिचितों ने मुझे यह भी बताया कि यूक्रेन के पड़ौसी देशों में हमारे दूतावास के फोन तक नहीं उठते। लेकिन बहुत-से नौजवानों और उनके माता-पिता ने उनके सुरक्षित लौट आने पर बेहद प्रसन्नता प्रकट की है। भारत सरकार ने अपने छात्रों की वापसी पर तो काफी ध्यान दिया है। यदि वह ध्यान नहीं देती तो भारत में उसे काफी बदनामी मोल लेनी पड़ती। उसने अपने प्रयत्नों का प्रचार भी जमकर किया है ताकि चुनाव के मौसम में उसका फायदा भी मिल सके। लेकिन जहां तक विदेश नीति का सवाल है, दुनिया के कई छोटे-मोटे देशों के मुकाबले भारत पिछड़ गया है। जब से यूक्रेन पर रूस का हमला हुआ है, फ्रांस और जर्मनी दोनों पक्षों से लगातार बात कर रहे हैं। तुर्की और इस्राइल जैसे छोटे-मोटे देश भी मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं। इस्राइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट तो खुद मास्को पहुंच गए हैं। उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच मध्यस्थता की कोशिश भी की है। इसका कारण यह भी हो सकता है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदीमीर झेलेंस्की यहूदी हैं। लेकिन सारा संसार जानता है कि इस्राइल तो अमेरिका का घनिष्टतम मित्र है और तुर्की नाटो का सदस्य है जबकि भारत न तो रूस से बंधा हुआ है और न ही अमेरिका से। दोनों से उसके रिश्ते बराबरी के हैं। वह दोनों से हथियार खरीदता है तो उसका मूल्य भी चुकाता है। वह किसी के भी दबाव में नहीं है। उसने अभी तक किसी का भी पक्ष नहीं लिया है। मान लिया कि हमारे प्रधानमंत्री अभी तक उत्तर प्रदेश आदि के चुनाव में व्यस्त और चिंतित थे लेकिन अब भी मौका है, जबकि वे सक्रियता दिखाएं तो यूक्रेन-संकट पर विराम लग सकता है। वरना इसका सबसे ज्यादा फायदा चीन उठाकर दुनिया की अत्यंत प्रभावशाली महाशक्ति बनकर उभरेगा, जो कि भारत का बड़ा सिरदर्द बन सकता है।

# देश व प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प युवा करें साकार : प्रभारी मंत्री

**मुरैना।** प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण एवं जिले के प्रभारी मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का देश और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है, उस संकल्प का पूरा युवा ही कर सकते है और उसके लिये युवा नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से जुड़कर उस संकल्प को पूरा करने में सहयोग प्रदान करें। यह विचार उन्होंने जिला स्तरीय नेहरू युवा केन्द्र के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये रविवार को मृगनयनी गार्डन में व्यक्त किये। इस अवसर पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, नेहरू युवा केन्द्र के निदेशक राकेश सिंह तोमर, प्रोफेसर विनायक तोमर सहित विभिन्न मंडलों के आये युवा उपस्थित थे।




प्रभारी मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र संगठन के द्वारा युवाओं को संगठित कर नये-नये कार्यक्रमों में युवाओं को नई दिशा देने का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिस तरह से हीरे को तरासने का काम जौहरी करता है, ठीस उसी प्रकार युवाओं को परखने, समझने, उनमें पिछी प्रतिभाओं को निखारने का काम नेहरू युवा केन्द्र अपनी भूमिका के साथ अच्छा कार्य रहा है। मेरी युवा साथियों से प्रार्थना है कि युवाओं के कंधे पर उनके परिवार, गांव, जिले, प्रदेश एवं देश का भार है। वे अपने नये नवाचार करके देश और प्रदेश की उम्मीदों पर खरे उतरें। इस अवस्था में हम ऐसे कार्य कर सकते है, जो देश और प्रदेश को सम्मान दिला सकता है। नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा जो युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य किया जा रहा है। वह वर्तमान में युवाओं की नींव को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा आगे बढ़े, नयी सोच के साथ नये-नये नवाचार करें, इससे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और मुख्यमंत्री का सपना भी साकार होगा। प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिये मेले आयोजित कर रही है, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी पूरी तनमयता के साथ युवाओं को स्व-रोजगार देने में सहयोग कर रहें है। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवा अपनी पढ़ाई के बल पर किसी के क्षेत्र में नये नवाचार कर शासकीय सेक्टर के अलावा प्रायवेट सेक्टरों में भी जायें। जैसे फूड प्रोसेसिंग में बहुत स्कोप है। सरकार की मंशा है कि युवा देश के भविष्य है, युवाओं को अपनी क्षमताओं का पता लगाने के लिये नये-नये कीर्तमान स्थापित करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र के पंजीयन में जो विसंगतियां आ रही है, उनको मीटिंग में रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर देश और प्रदेश को बनाने के लिये नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जो कार्यक्रम चलाये जा रहै, वे युवाओं के लिये मील का पत्थर साबित होंगे।

पिछड़ा वर्ग एवं वित्त विकास निगम के अध्यक्ष श्री रघुराज सिंह कंषाना ने कहा कि निश्चित रूप से नेहरू युवा केन्द्र एक सार्थक पहल करने वाला युवाओं के लिये संगठन है। नेहरू युवा केन्द्र से जो युवा जुड़ते है, वे युवा अवश्य कल के लिये लाभाकारी सिद्ध हो रहें है।

## तस्लीम खान बने मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के आजीवन सदस्य



**मुरैना।** चम्बल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव तस्लीम खान को क्रिकेट के प्रति समर्पण के लिए मिला सम्मान मिला है। ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर तस्लीम खान को एमपीसीए में आजीवन सदस्य मनोनीत किया गया है। खान के मनोनयन पर सीडीसीए सदस्यों सहित क्रिकेटरो ने उन्हें बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि चम्बल में क्रिकेट और क्रिकेट खिलाडियों की प्रगति के लिए सदैव समर्पित रहने वाले तस्लीम खान को एमपीसीए में आजीवन सदस्य बनाये जाने पर सभी चम्बल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यगण व खिलाडियों ने ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रशान्त मेहता, संजय जगदाले, एमपीसीए सचिव संजीव राव, एमपीसीए सीईओ रोहित पंडित सहित तमाम एमपीसीए पदाधिकारियों और सदस्यों का तहेदिल से शुक्रिया अदा कर आभार व्यक्त किया है। सीडीसीए सचिव तस्लीम खान के अथक प्रयास ओर मेहनत की बदौलत आज चम्बल क्रिकेट को एक नई पहचान मिली है। चम्बल सम्भाग में क्रिकेट की बेहतरी के लिए तीन दशकों से भी ज्यादा समय से सतत समर्पण को एमपीसीए द्वारा उचित सम्मान दिया गया है। क्षेत्र के खिलाडी व खेल प्रेमियों का कहना है कि श्री सिंधिया और श्री मेहता के आशीर्वाद व तस्लीम खान के उचित मार्गदर्शन में खिलाडी नित नई उपलब्धि हासिल करें एवं चम्बल सम्भाग में क्रिकेट के विकास को ओर गति मिले यही कामना करते है।

## टोल पर डली रही घायल गाय, डेढ़ घंटे लगा जाम



**मुरैना।** रविवार की दोपहर सोना टोल टैक्स पर एक घायल गाय के सड़क पर डाले होने के चलते डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा, जिससे दोनों तरफ का आवागमन ठप हो गया और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घायल गाय के पड़े होने की सूचना पाकर कुछ गौ रक्षक मौके पर पहुंचे और वहां जाम लग गया। नगर निगम का अमला काफी विलंब से मौके पर पहुंचा, तब जाकर गाय को वहां से उठाकर पशु चिकित्सालय लाया गया। इस दौरान काफी देर तक हाईवे पर आवागमन व्यवस्था ठप रही।

## नायब तहसीलदार ने अवैध रूप से मिट्टी खनन करने वाले जेसीबी व 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े

**अम्बाह।** तहसील क्षेत्र के कई गांवों में अवैध खनन का कारोबार इन दिनों खूब फलफूल रहा है। कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह दिन में ही मिट्टी का खनन कर रहे हैं। नायब तहसीलदार विकास भदौरिया ने सिहोंनिया गांव में अवैध खनन करते 4 वाहनों को पकड़ा। इनमें एक जेसीबी और तीन ट्रेक्टर ट्राली शामिल थे जिन्हें थाना सिहोंनिया पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया है।


नायब तहसीलदार विकास भदौरिया ने बताया कि जब वह परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी के बाद सिहोंनिया क्षेत्र से वापस लौट रहे थे, उसी दौरान उन्हें एक जेसीबी मशीन अवैध रूप से मिट्टी का खनन करते दिखी। मौके पर जाकर देखा तो उक्त जगह पर मिट्टी का बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा था, साथ ही वहाँ तीन ट्रैक्टर और ट्रॉली भी खनन के कार्य में सहयोग कर रहे थे। पूछे जाने पर खनन करने वाले लोग मिट्टी खनन को लेकर अनुमति के प्रपत्र नहीं दिखा सके। इसीलिए एक जेसीबी और तीन ट्रेक्टर ट्राली सिहोंनिया थाने ले जाकर पुलिस को सौंपे गए। नायब तहसीलदार ने कहा कि इस मामले में प्रथम दृष्ट्या मिट्टी का खनन भराव के लिए होने की बात सामने आई हैं। खनन की अनुमति से संबंधित अभिलेख नहीं दिखाए गए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि क्षेत्र के गांवों में अवैध खनन का कारोबार खूब पनप रहा है। रात के अंधेरे में सड़कों पर मिट्टी से लदे वाहन दौड़ते रहते हैं। नायब तहसीलदार ने मौके पर ही खनिज विभाग की टीम को बुलाकर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश भी दिए।



## 2 माह पूर्व हुई 5 लाख की चोरी का पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** जनवरी में सबलगढ़ क्षेत्र के दीवान पैलेस के पास से एक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लगभग 5 लाख रुपए की चोरी कर ली, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त था। इस घटना को पुलिस अधीक्षक ने चुनौती के रूप में लेते हुए थाना प्रभारी को शीघ्र मामले को ट्रेस करने के निर्देश दिए, पुलिस ने अथक प्रयास के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देश पर थाना प्रभारी केके सिंह ने 8 जनवरी 2022 को दीवान पैलेस सबलगढ़ निवासी अनंत कुमार शर्मा के घर से हुई चोरी के मामले में एक चोर को गिरफ्तार कर माल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। थाना प्रभारी एवं उनकी टीम ने गत शनिवार को चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोना चांदी के जेवर बड़ी मात्रा में बरामद किए हैं, जिनकी कीमत 5 लाख रुपए बताई गई है। फरियादी के अनुसार 8 जनवरी की रात में अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़कर घर में रखी अलमारी से उक्त जेवर चोरी किया था। पुलिस के अनुसार चोरों के द्वारा रबड़ की चप्पल को जलाकर मेन गेट के ताले को गर्म करके सरिए की मदद से तोड़ दिया और घर के अंदर घुस कर अलमारी खोलकर सामान चुरा ले गए।




## तीन दिवसीय सांसद नेत्र शिविर का केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने किया शुभारंभ

### गरीब मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, बाहर से नेत्र रोग विशेषज्ञ बुलाए



**मुरैना।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और क्षेत्रीय सांसद नरेंद्र सिंह तोमर ने मुरैना जिले में आयोजित तीन दिवसीय सांसद नेत्र शिविर का आज वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री तोमर ने बताया कि मुरैना जिले के गरीब वर्ग के मोतियाबिंद से पीडित मरीजों के ऑपरेशन शिविर में निःशुल्क किए जाएंगे और विशेषज्ञों द्वारा गरीबों का नेत्र रोग संबंधी सभी उपचार किया जाएगा।

श्री तोमर ने कहा कि शिविर के माध्यम से हम लोगों की कोशिश यह है कि मुरैना जिले में ऐसे कोई भी गरीब मरीज बाकी नहीं रहे, जिन्हें मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराना हो और वे धनाभाव में नहीं करा पा रहे हो। मुरैना में पहले भी ऐसा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था, जिसमें एक हजार से अधिक मरीजों को लाभ मिला था। पूर्व के शिविरों में जिले में करीब पांच हजार मरीज सम्मिलित हुए थे। आज से फिर प्रारंभ हुआ यह अभियान इफको व जनप्रतिनिधियों-समाजसेवियों के सहयोग से 8 मार्च तक चलेगा। इस दौरान संपूर्ण जिले में जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सभी स्थानों पर ऑपरेशन कराने के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। शिविर को सफल बनाने के लिए बाहर से नेत्र रोग विशेषज्ञों को बुलाया गया है। शिविर की सफलता के लिए जिला प्रशासन द्वारा भी समचित प्रयास किए गए हैं। पूर्व की तरह यह अभियान भी सभी के सहयोग से सफल होगा। श्री तोमर ने सभी लोगों से अपील की है कि तीन दिवसीय अभियान में कोई भी गरीब नेत्र पीडित व्यक्ति मोतियाबिंद ऑपरेशन व अन्य उपचार कराने से वंचित न रहे।

## प्रभारी मंत्री ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर ऑपरेशन के लिये आये मरीजों से पूछी कुशल क्षेम

### प्रथम दिन 3036 मरीजों का हुआ पंजीयन, 650 मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये चिन्हित

**मुरैना।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के अथक प्रयासों से जिले में तीन दिवसीय मेगा नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिन 3 हजार 36 लोगों ने पंजीयन कराये है, जबकि डॉक्टरों ने जांच पड़ताल कर 650 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया है। इनके ऑपरेशन जिला चिकित्सालय मुरैना में किये जायेंगे। यह बात प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर ऑपरेशन के लिये आये मरीजों से कही। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना, इफको के डायरेक्टर अरूण सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता, कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, सीएमएचओ डॉ. राकेश कुमार शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता, ग्वालियर इफको के प्रबंधक श्री एके सिंह एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता तथा कानपुर से ऑपरेशन करने आये चिकित्सीय दल एवं इफको का अन्य स्टाफ उपस्थित थे।



प्रभारी मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने वार्डो में मरीजों का हाल-चाल पूछा और उनके ऑपरेशन के लिये की जा रही तैयारियों की चर्चा डॉक्टरों से की। प्रभारी मंत्री प्रत्येक वार्डो में पहुंचकर ऑपरेशन योग्य चिन्हित किये गये मरीजों से वार्तालाप किया और पंजीयन केन्द्र, बीपी लिये जा रहे काउंटर पर पहुंचकर चिकित्सकों से चर्चा भी की।

# विदेश में महकेगी जिले के हरे सोने की महक, तैयारियां शुरू

**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**छत्तीसगढ़ ।** छग के महुए की महक इस बार 7 समुंदर पार विदेशों तक जाएगी। ब्रिटेन की एक कंपनी का 750 क्विंटल फूड ग्रेड महुआ खरीदने का ऑर्डर छग सरकार को मिला है। लघु वनोपज संघ ऑर्डर को पूरा करने की तैयारी में जुट गया है।

महुआ छत्तीसगढ़ में पैदा होने वाली लघुवनोपजो में से एक है। जिसे हरा सोना कहा जाता है। अब इसकी महक लंदन तक पहुंचने वाली है। लघु वनोपज संघ के मुताबिक वहाँ की एक कंपनी ने 750 क्विंटल फूड ग्रेड महुआ खरीदी का ऑर्डर किया है। इसके अलावा गोवा से भी ऑर्डर आया है। संघ को अबतक कुल 1150 क्विंटल का ऑर्डर मिल चुका है। संघ ने इस साल 2 हजार क्विंटल फूड ग्रेड महुआ के संग्रहण का लक्ष्य रखा है। संग्रहनकर्ताओ को भी इसका ज्यादा रेट देने की जानकारी अधिकारियों ने दी है। अधिकारियों ने 2 हजार क्विंटल के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 10 वनमंडलो का चयन किया है। जिसमे धरमजयगढ़, कटघोरा, कोरबा, केशकाल, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, कोरिया, मनेंद्रगढ़ के अलावा गरियाबंद वनमण्डल भी इसमें शामिल है। सभी वनमण्डलो को 200 क्विंटल महुआ खरीदी का लक्ष्य दिया गया है। गरियवंद लघु वनोपज संघ ने लक्ष्य को हासिल करने के लिए देवभोग के फरसरा गांव को चुना है। गरियाबंद उप प्रबंध संचालक अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि इसके लिए संघ ने गांव के 500 महुआ पेड़ो को चिन्हाकित किया है। गांव के 100 किसान इससे लाभांवित होंगे। अधिकारियों ने आने वाले सालों में गांवो की संख्या बढ़ाने का दावा भी किया है।



चिन्हांकित वनमण्डलों से महुआ को नई तकनीक से संग्रहण किया जाएगा। इस दौरान शुद्धता एव सफाई का विशेष ख्याल रखा जाएगा। किसानों को नई तकनीक समझाने के लिए विभाग द्वारा फरसरा में तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। हितग्राहियो को उम्मीद है कि अब उन्हें अपनी फसल की पहले से ज्यादा कीमत मिलेगी। मनेन्द्रगढ़ से आए लाल सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें फायदा होगा। कुछ ऐसा ही फरसरा की कुमारी ध्रुव ने बताया। उन्होंने बताया कि नई तकनीक से महुआ संग्रहण करना उनके लिए आसान और लाभदायक होगा। उन्हें अपनी उपज का वाजिब दाम भी मिलेगा।

देवभोग के फरसरा में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में 10 वनमण्डल के 150 से अधिक समूह और किसान हिस्सा ले रहे है। लघुवनोपज संघ के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक बी आंनद बाबू, गरियाबंद के उप प्रबंध संचालक अतुल श्रीवास्तव, सीनियर एक्जीकेटिव अनुराधा स्वर्णकार, सांइटिस्ट कल्याणी शर्मा प्रशिक्षण देने के लिए पहुंचे हुए है। महुआ संग्रहण से जुड़े समूहों एव किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से संग्रहण करना सिखाया जा रहा है।

प्रशिक्षण में समझाया गया कि संग्रहण के दौरान महुआ पेड़ के नीचे नेट बांध दिया जाएगा। ताकि महुआ फूल पेड़ से टूटने के बाद जमीन की बजाय नेट पर गिरे। इससे फूल धूल रहित स्वच्छ होगा। इसके अलावा नेट से महुआ फूल एकत्रित करने के दौरान सम्बंधित को हाथों में ग्लब्ज पहनने होंगे जो लघु वनोपज संघ द्वारा मुहैया कराए जाएंगे। इसके अलावा टोकरी में झिल्ली लगानी होगी। मतलब संग्रहनकर्ताओ को समझाया गया कि संग्रहण के दौरान स्वच्छता एव सफाई का विशेष ख्याल रखना होगा।

## हिम्मतपुर क्रिकेट टूर्नामेंट में बैसोरा कलां ने करारखेडा को हराकर किया फाइनल में प्रवेश

### 11 तारीख को खेला जाएगा फाइनल मुकाबला



**हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजली टुडे**

**दिनारा** = हिम्मतपुर में चल रहे जय खाती बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला बैसोरा और करारखेडा के बीच खेला गया जिसमें पहले टॉस करारखेडा ने जीता और बैटिंग करने का निर्णय लिया बैटिंग करने उतरी करारखेडा ने 16 ओवर में 132 रनों का लक्ष्य बैसोरा कलां को रखा बैटिंग करने उतरी बैसोरा कलां की टीम ने 15 ओवर में ही 133 रन बना जीत हासिल की जिसमें बैसोरा की तरफ से रबाडा ने 60 रनों की शानदार पारी खेली इसी मैच के साथ ही फाइनल मैच में प्रवेश किया कमेंटी के सदस्य अंकित दुबे ने बताया कि फाइनल मुकाबला 11 तारीख शुक्रवार को 12 बजे से छितीपुर और बैसोराकलां के बीच खेला जाएगा जिसमें विजेता टीम को सील्ड एवं 21000 हजार रुपए दिए जाएंगे और उप विजेता टीम को कप एवं 11 हजार रुपए दिए जाएंगे।

## बूथ जीतेंगे चुनाव जीतेंगे-कुशवाह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-दबोह नगर में रविवार को युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के पहुंचने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।जिलाध्यक्ष का नगर दबोह में प्रथम आगमन था।इसके उपरांत स्थानीय बिश्राम ग्रह पर कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित की गई।कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्यामाप्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय जी के छाया चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए।नव नियुक्त युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशबाह ने कहा कि इस समय भाजपा पार्टी समर्पण राशि कार्यक्रम चला रही हैं।उसी कार्यक्रम के तहत मेरा आना हुआ है।उन्होंने कहा कि प्रेत्यक बूथ मजबूत होना चाहिए इसके लिये सबसे पहले पार्टी ने एक बूथ दस कार्यकर्ता का खाका तैयार किया है।जब बूथ मजबूत होगा तभी हम चुनाव जीतेंगे।उन्होंने कहा कि अबकी बार लहार में भाजपा को जिताने के लिए पूरी ताकत लगाना है।ओर निश्चित रूप से पार्टी को सफलता मिलेगी।कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए भाजपा के युवा नेता संजीव नायक ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए सबसे पहले देश फिर पार्टी उसके बाद कार्यकर्ता होता है।हम उस पार्टी में है जिसकी सोच भारत को आगे ले जाने की होती है।पार्टी में काम करने बाले व्यक्ति यदि समर्पण रूप से कार्य करे तो उसे पार्टी आगे तक ले जाती है।यही मात्र एक पार्टी है जिसमे बिकास सम्भव है अन्य पार्टियों में भाई भतीजा बाद दिखता है परंतु हम अपनी एनर्जी पार्टी के लिये लगाए भारतीयजनता युवा मोर्चा का ही कार्यकर्ता को पार्टी आगे ले जाती है।बैठक में मुख्य रूप से एड.संजीव नायक,जवर सिंह कुशवाह, अनूप त्यागी,शिबेन्द्र महंत, अंजनी कुरचानिया, शिब्बी गोस्वामी, राम मोहन मुदगिल, कुलदीप सिंह यादव, कार्यालय मंत्री राजा यादव,धर्मेंद पाठक,मुकेश यादव,सुशील गोस्वामी,अमन गोस्वामी,धर्मेंद कुरचानिया,एड. सन्तोष कुशबाह,रामू शर्मा,शरद खेमरिया, निखिल खेमरिया, हिमांशु मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## भारत सरकार का छत्तीसगढ़ के युवाओं के लीए ऐतिहासिक निर्णय - विभा अवस्थी



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**गरियाबंद** - केंद्रीय युवा एवँ खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के योजना खेलो इंडिया के तहत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा छतीसगढ़ के युवा साथियों को बेहतर सौगात देते हुए प्रदेश के विभिन्न बड़े शहरों में अलग अलग खेल के लिये ट्रेनिंग सेंटर खोलने की स्वीकृति प्रदान किया गया है जो छत्तीसगढ़ के युवा साथियों के भविष्य के लिये ऐतिहासिक निर्णय है इससे खेल के प्रति रुचि रखने वाले युवाओं को बेहतर अवसर प्राप्त होगा गरियाबंद जैसे पिछड़े वनांचल ग्रामीण क्षेत्र वाले जिला को योजना में शामिल करते हुए वालीबाल हेतु ट्रेनिंग सेंटर खोलने की स्वीकृति मिलना जिला वासियों के लिये गौरव का विषय है इसके तहत गाँव के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर का सुविधा संसाधन और कोच के मार्गदर्शन में अपने भविष्य संवारने का अवसर मिलेगा उक्त विषय पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री विभा अवस्थी ने गरियाबंद द्धजिला को शामिल किए जाने पर केन्द्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण और प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी जी का आभार व्यक्त किया है

## राज्यस्तरीय प्रशिक्षण शिविर में सहभागिता करेंगी अश्विनी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** एम.जे.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिंड की बी. कॉम. तृतीय वर्ष की छात्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 की स्वयंसेविका अश्विनी श्रीवास को राज्यस्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित किया गया। इस शिविर के लिए जिले से तीन छात्राओं का चयन किया गया है इस शिविर में चयन हेतु स्वयंसेवकों के पास इकाई शिविरों का अनुभव एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के तहत कार्य किये जाते हैं। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनूप श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर.ए. शर्मा,वरिष्ठ स्वयं.धर्मेंद्र सिंह तोमर ने हर्ष व्यक्त किया साथ-ही-साथ आदित्य दुवे, तमन्ना जहाँ, काजल भदौरिया, ज्योति श्रीवास, वर्षा चौधरी आदि ने बधाई दी।



## गौ भक्त भामाशाह बाबू सिंह मोहराई की वैवाहिक स्वर्ण जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर**~फूलो की नगरी बेंगलुरु में गौ भक्त भामाशाह बाबू सिंह सायर देवी मोहराई स्वर्ण जयंती महोत्सव धाम से मनाया गया आयोजन को लेकर कई शहरों से समाज बंधुओं ने कार्यक्रम में आकर बधाई दी।ढगल सिंह महेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह सुपुत्र बाबू सिंह ने स्वर्ण जयंती महोत्सव को यादगार बनाने के लिए बहुत ही सुंदर एवं काबिले तारीफ आयोजन रखा गया ।बेंगलुरु की सुप्रसिद्ध एन एस पैलेस में बहुत ही भव्य एवं शानदार व्यवस्था बाबू सिंह परिवार द्वारा की गई।

बाबू सिंह को बधाई देने हेतु समाज बंधुओं का शाम तक ताता लगा रहा ।इस महोत्सव में बेंगलुरु सहित चेन्नई कोयमबदु तिरुपुर मदुरई बनूर मैसूर दावणगिरी सेलम रोड इरोड हैदराबाद समाज बंधुओं ने शिरकत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिसमें बन्नूर से समाजसेवी डॉ महेंद्रसिंह सिंया (कालापा )राजेंद्र सिंह सिंया रामासनी बाला, रोशनसिंह ,दर्शन सिंह, विराट सिंह,कंगना, वनिया, गोपालसिंह, हरी सेवा से राजेंद्र सिंह वणदार ,भगवान सिंह विरादपेठ, नारायसिंह तालुकिया, हैदराबाद से पुखराज सिंह मोहराई सोहन सिंह बिरावास नारायण सिंह निंबाज लक्ष्मण सिंह भैसाणा तिरुपुर से तेज सिंह जी मोहराई, रमेश सिंह मादा ,अशोक सिंह वणदार दीपक सिंह जी मोहराई ,कान सिंह पुनाडिया,डॉ केसर सिंह गादाना,दीनदयाल नोखा मंडी ,महेशसिंह वणदार चंद्रपाल सिंह मोहराई भाजपा नेता पवन सिंह रतनपुरा अनंतपुर से सुखराज रेवतड़ा सेलम से शिवसिंह बाड़वा तथा बेंगलुरु से बाबूसिंह नॉरवा, हरि शंकर रेवतड़ा,अशोक कुमार रेवतडा, कल्याणसिंह गादाणा ,बेंगलुरु खेतेश्वर युवा मंडल के अध्यक्ष ओटमल राजपुरोहित रेवतडा , हनुमान सिंह ऊण,लक्ष्मण सिंह मडगांव, नारायणसिंह मडगांव, सुखदेव सिंह मडगांव ,अर्जुन सिंह डकातरा, पूनम सिंह किसनासर, सुखदेव सिंह किसनासर,भरत सिंह किसनाशर ,सज्जनसिंह आंकड़ा वास,हापूसिंह ,श्यामसिंह, सुरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों बंधुओं ने शिरकत की ।सभी के लिए बहुत ही सुंदर भोजन की व्यवस्था आयोजक परिवार द्वारा की गई थी।अंत में ढगलसिंह महेंद्रसिंह ने पधारे सभी मेहमानों का हार्दिक आभार व्यक्त किया ।महेंद्रसिंह ने कहा कि मां बाप से बढ़कर इस दुनिया में कोई नहीं है मैं खुशनसीब हूं जो आज ऐसा स्वर्णिम अवसर मुझे देखने को मिला।



## माकपा का घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन आज़ पांचवे दिन भी रहा जारी

**मोहन मांझी पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** -भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी) का घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन आज़ पांचवे दिन भी रहा जारी आंदोलन में माकपा नेता रशीद खान नगर सचिव आमरण अनशन पर 5 दिन से बैठे हुऐ प्रमुख रूप से माकपा राज्य समिति सदस्य भूपेंद्र सिंह गुर्जर उपस्थित रहे नगर पालिका प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रहेगी प्रशासन ने ना ही ठोस कोई कदम उठाया है बल्कि प्रशासन धन्ना सेठों की पैरोकार कर रहा है ऐसे समय में वह भी जब जनता के नायक जन समर्थन के साथ धरना पर अनिश्चितकालीन घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन के लिए बैठ गए हैं आंदोलनकारियों का कहना है जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं होगा तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा नगर पालिका प्रशासन में सीएमओ की मनमानी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी आंदोलनकारियों ने देखा है यहां पर रात के 12~00 बजे के बाद नगर पालिका में मंडल कमंडल न जाने कौन कौन से बंडल के अध्यक्ष इकट्ठे होते हैं और नगर पालिका को चलाते हैं देखने को मिला है रविवार के दिन छुट्टी के समय भी तमाम दलाल नगरपालिका के इर्द-गिर्द घूमते नजर आए कई दलालों के लिए नगरपालिका के ऑफिस में अंदर देखे गए गोहद नगर पालिका भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चडने देंगे इसके लिए व्यापक संघर्ष किया जाएगा क्या मांग रहा है मजदूर नगर के अंदर सफाई हो स्वच्छ पीने को पानी मिले सभी के मजदूर कार्ड बने वह भी बिना ठेकेदार के हस्ताक्षर के आवास में जिन लोगों के फर्जी नाम से आवाज निकाले गए उनकी तत्काल जांच की जाए और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो और जिन लोगों ने ऐसे आवास निकाले हैं उन कर्मचारियों के खिलाफ दी ठोस कार्रवाई की जाए इन सारे सवालों को लेकर नगर के बीचो बीच नगर पालिका गेट के सामने माकपा के कार्यकर्ता घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन पर बैठे हुए हैं और यह लड़ाई आर-पार की है इस लड़ाई में गोहद की जनता का अपार जनसमर्थन मिल रहा है कई लोग खाने की सामग्री से लेकर तमाम जीवन उपयोगी वस्तुएं कार्यकर्ताओं के लिए मुहैया करा रहे हैं नगर का बहुत-बहुत धन्यवाद जन समस्याओं के लिए एक साथ खड़े होने के लिए लड़ेंगे तो जीतेंगे जरूर कार्यक्रम में भागीदार साथी फरमान खान साबिर खान गुरुजी साबिर खान मिस्त्री सुरेश जाटव इज्जत खां मुल्लाजी रिजवान खान सलमान खान गुलजार पठान आशिक पठान जर्मन प्रजापति राहुल प्रजापति हवी खा मेहताब खान टुडे खान शब्दों खान करू गुर्जर सलीम खान नफीसा बेगम शम्मी बाजी शांताबाई शोमताबाई कटोरी बाई त्रिवेणी कुशवाहा।





## तेदुंआ को पकडने में प्रशासन को करनी पडी बारह घंटे की मशक्कत , एक घायल मेडीकल कालेज में भर्ती , ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे**

एटा ! रविवार की भोर में प्रातः 4 बजे के लगभग कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नगला समल में रास्ता भटक कर आबादी क्षेत्र में आ गऐ एक तेदुंऐ ने जहां ग्रामीण जनता में दहशत का माहौल पैदा कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया तो वहीं ग्रामीणों की सूचना पर उसे पकडने में जिला प्रशासन , पुलिस प्रशासन व वन विभाग के होश फाख्ता हो लिऐ ! हांलाकि बारह घन्टे की कडी मशक्कत के बाद जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ने सांय चार बजे के लगभग उसे कब्जे में लेकर वन अभ्यारण में छोडने की बात कही है, परन्तु इस मध्य तेदुंऐ द्वारा ग्राम नगला समल के एक बारह बर्षीय मासूम बालक को चपेटे में लेकर गंभीर रूप से घायल कर देने की खबर है ! घायल बालक को मेडीकल कालेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है तथा उसकी हालत भी ठीक बतायी जाती है ! लेकिन एक छोटे से तेदुंऐ ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के छक्के छुडा कर भविष्य के लिए सचेत करने का संदेश दिया है ! तेदुंऐ को कब्जे में लेने के लिए वन विभाग की मंडलीय कंजरबेटर अदिति सिहं सहित जिले के समूचे वन विभाग को लगना पडा तब कहीं जाकर तेदुंऐ को कब्जे में लेने की योजना को साकार रूप देना पडा ! बहराहल आबादी क्षेत्र में नगला समल के अन्दर आस पास बिना जगंलो के तेदुंऐ के प्रगट होने से ग्रामीणजनों में दहशत का माहौल देखने को मिला है ! तेदुंऐ के रेस्क्यू आप्रेशन में जहां वन विभाग ने कडी मशक्कत की तो पुलिस प्रशासन में सीओ सिटी कालू सिंह सहित प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात जगदीश चन्द्र सहित भारी पुलिस बल द्वारा अपने कर्तव्यनिष्ठ दायित्वों का निर्वहन किया गया ।

## देवेंद्र नगर क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में चल रहे टूर्नामेंट पर बमरी टीम ने किया कब्जा

■ स्थानीय विधायक शिवदयाल बागरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ समापन कार्यक्रम



**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** देवेंद्र नगर ~ विगत 15 दिनों से देवेंद्र नगर में 40 वर्ष से ऊपर के क्रिकेट खिलाड़ियों का देवेंद्र नगर क्रिकेट टूर्नामेंट राइस मिल में चल रहा था जिसमें छह टीमों हिस्सा लिया और जोरदार प्रतिस्पर्धा दर्शाते हुए दर्शकों का मनोरंजन किया अच्छे खेल की बदौलत देवेंद्र नगर की कमांडो क्लब और बमरी टीम फाइनल में पहुंची जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बमरी टीम द्वारा विजेता का तमगा हासिल किया गया जिसमें मैन आफ द मैच राजेश विश्वकर्मा और मैन ऑफ द सीरीज बमरी टीम के ही चंद्रका कुशवाहा को दिया गया स्थानीय विधायक द्वारा इस तरह के क्रिकेट टूर्नामेंट की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि 40 बार उम्र के लोगों द्वारा क्रिकेट के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहन करने का यह एक अच्छा तरीका है और इस तरह के टूर्नामेंट हमेशा आयोजित होते रहने चाहिए गुनौर विधायक शिव दयाल बागरी द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप दोनो टीम को किट दी गई।

## दतिया पहुंचे डॉ विवेक मिश्रा आयोजित कार्यक्रमों में रहे मौजूद



**संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजली टुडे**

दतिया नगर में संडे सुपर क्लीन फोर का किया शुभारंभ दतिया ट्रॉफी 2022 का किया उद्घाटन संडे सुपर क्लीन बड़ोंनी का किया शुभारंभ बरौनी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में की विजेता उपविजेता क्रिकेट टीमों को ट्रॉफी वितरण की वृंदावन धाम में गन्ना किसको को चेक वितरण किए इस मौके पर जिला कलेक्टर संजय कुमार पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर जिला पंचायत सीईओ कमलेश भार्गव भाजपा जिला मंत्री अतुल भूरे चौधरी दतिया एसडीएम ऋषि सिंगल नगर पालिका सीएमओ अनिल कुमार दुबे नगर पालिका स्पेक्टर अनुपम पाठक पंचायत सीएमओ आशुतोष त्रिपाठी बड़ोंनी तहसीलदार नरेंद्र यादव योगेश सक्सैना प्रशांत ढेगुला राजू निचेरेले सनत पुजारी प्रवीण पाठक राहत अली जैदी जोली शुक्ला गौरव दांगी रिंकू दुबे अक्कू दुबे रिंकू बुंदेला अंकित शर्मा राहुल पुरोहित रोहित शर्मा मंगल यादव टेलू यादव आकाश भार्गव कौशल यादव रामू शर्मा पवन यादव नेहा रजक सोनम राजपूत शिवा राजा कोमल कुशवाहा रणजीत राजा गौरव गुप्ता रुपेश योगी संदीप चौबे नीलेश साहू साथ में मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (सनातन) की बैठक

### पं.महावीर उपाध्याय बने अध्यक्ष, सचिव दिनेश शर्मा व पं.महेश शर्मा बने उपाध्यक्ष

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** संगठित एवं संस्कारिक समाज के निर्माण के साथ सामाजिक कुरितियों को समाप्त करने के उद्देश्य को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (सनातन) द्वारा प्रत्येक वार्डो में बैठकें आयोजित कर समितियों का निर्माण किया जा रहा है। जिसकों लेकर रविवार को वार्ड 28 इंद्र नगर में ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न हुई। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम कांत शर्मा एवं महासचिव राजकुमार सड़ैया ने संयुक्त रूप से बताया कि सामाजिक कार्यों में गति लाने एवं संगठित एवं संस्कारिक समाज के निर्माण के साथ कुरितियों को समाप्त करने के उद्देश्य को लेकर वार्ड नं. 28 इंद्रा नगर के चिंता हरण मंदिर पर ब्राह्मण समाज की बैठक पं. सुनील शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवाना श्री परशुराम जी एवं संकट मोचन बालाजी महाराज की पूजा



अर्चना कर किया गया। बैठक में उपस्थित यशवंत भार्गव द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की जयंती बड़े ही धुमधाम से मनाएं जाने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर सभी विप्र बंधुओं ने अपनी सहमति को व्यक्त किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्वाचन द्वारा वार्ड नं.28 की समिति का गठन किया। आगे की जानकारी में ब्राह्मण महासभा के संतोष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरगोविन्द शर्मा एवं पवन अवस्थी ने वताया कि वार्ड समिति के कुशल संचालन हेतू संरक्षीय मंडम में पं. महेश तिवारी, आलम चंद्र शर्मा, वालकृष्ण शर्मा को नेत्रत्वकर्ता के रूप में शामिल किया गया है। तथा समिति में वार्ड अध्यक्ष महावीर प्रसाद उपाध्याय, दिनेश शर्मा सचिव, महेश शर्मा उपाध्यक्ष, महामंत्री सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष चन्द्रेश शर्मा, मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा एवं विनोद तिवारी को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई। नियुक्त सभी पदाधिकारियों ने विप्र समाज का आभार प्रकट किया है। बैठक का संचालन अरविन्द सरैया द्वारा किया गया। ब्राह्मण समाज की बैठक में प्रमुख रूप से पं. प्रेमशंकर पाराशर, संतोष शर्मा, सचिव महेन्द्र शर्मा, वालकृष्ण शर्मा, देवेन्द्र शर्मा महामंत्री, डॉ जीपी बिरथरे, ओपी पाण्डेय, प्रदीप शर्मा सुआटौर, अजय भार्गव, महेश शर्मा, देवेन्द्र गौड़, सुरेश भार्गव, जिला उपाध्यक्ष हरगोविन्द शर्मा, ललित आचार्य, अरविन्द सरैया, पवन अवस्थी, संजय भार्गव राष्ट्रीय, राजू शर्मा पिपरघार, यशवंत भार्गव, दीपक शर्मा, प्रमोद कौशल, महेश तिवारी, गुणसागर शर्मा, अनिल शर्मा, कमल तिवारी, अशोक त्यागी, अनिल अवस्थी, आनंद प्रकाश दीक्षित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## मदन ने हासिल किया 143 किमी प्रति लीटर का मायलेज

### हीरो मोटोकॉर्प के द्वारा एचएफ डीलक्स बी एस 6 एफ आई एक्सेन्स टेक्नॉलॉजी की माईलेज प्रतियोगिता शिवपुरी में रखी गई

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**


**शिवपुरी-**हीरो मोटाकॉर्प ने माइलेज के हीरो कॉन्टेस्ट (प्रतियोगिता) कार्यक्रम का किया सफल आयोजन । कॉन्टेस्ट में हीरो मोटोकोर्प से श्री पंकज यादव जी एवं श्री विष्णुकांत गुप्ता जी और रघुवंशी हीरो शिवपुरी से श्री गजेन्द्र सिंह रघुवंशी जी मौजूद रहे । कार्यक्रम में 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया , जिसमें एच एफ डीलक्स बीएस 6 एफ आई एक्सेन्स टेक्नॉलॉजी का मायलेज नापा गया और सभी गाडियों का मायलेज 100 प्लस आया । हीरो मोटोकॉर्प के टेरेटरी मैनेजर श्री पंकज यादव जी ने बताया कि इस महंगाई के दौर में एच एफ डीलक्स एकमात्र ऐसी मोटरसाइकिल है जो अपनी बेमीसाल मजबूती के साथ-साथ माइलेज में भी नंबर 1 है और इसकी एक्सेन्स एफ.आई. टेक्नॉलोजी इसे अपने सेगमेंट में सबसे बेहतर और नंबर 1 बनाती है। कॉन्टेस्ट में पहली पोजीशन पर आने वाले प्रतियोगी मदन रावत ने 143 किमी. प्रति लीटर का मायलेज प्राप्त किया। दूसरी पोजीशन पर आने वाले प्रतियोगी कृपाल सिंह ने 140 किमी. प्रति लीटर का मायलेज प्राप्त किया। तीसरे प्रतियोगी रामवरन गुर्जर ने 120 किमी. प्रति लीटर का मायलेज प्राप्त किया।

# नहर किनारे तीन विशालकाय अजगरों के मिलने से गांव में दहशत

### आबादी से मात्र 50 मीटर की दूरी पर मौजूद है यह विशालकाय अजगर

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर पुष्पांजली टुडे**

एटा उत्तर प्रदेश के एटा जनपद मैं आज थाना कोतवाली देहात के ग्राम नगला संभल में एक बाघ के आ जाने और उसके लगभग 12 घंटे बाद कई जनपदों की टीमों द्वारा रेस्क्यू कर पकड़े जाने के बाद जनपद के थाना निधौली कला के ही ग्राम नगला बंदी



में नहर किनारे तीन विशालकाय अजगर की मौजूदगी से गांव में दहशत का माहौल है।

ग्राम नगला बंदी निवासी प्रशांत यादव ने बताया की लगभग बीते 15 दिनों से नहर किनारे एक लगभग 15 फुट लंबा अजगर विशालकाय सांप देखा जा रहा है किंतु आज वहां दो बड़े तथा एक छोटा लगभग 10 फुट का अजगर देखा गया है। जो गांव की आबादी से मात्र 50 मीटर की दूरी पर हैं जिससे गांव के लोगों तथा पशुओं को भारी जान व माल का खतरा उत्पन्न हो गया है। मेरे द्वारा कई बार डीएफओ एटा को सूचना देने का प्रयास किया किंतु उनका फोनबंद मिला मैंने थाने तथा अन्य स्थानों पर इन अजगर होने की सूचना दी किंतु आज तक कोई भी नहीं पहुंचा है जिसका वीडियो भी मेरे द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। प्रशासन की लापरवाही से कभी भी कोई जनहानि हो सकती है। उप जिलाधिकारी सदर शिव कुमार सिंह ने बताया की नगला बंदी के समीप अजगर पाए जाने की मुझे अभी तक कोई जानकारी नहीं है मैं शीघ्र ही उनके पकडने लिए वन विभाग की टीम से संपर्क कर मौके पर पहुँच कर उन्हें पकड़वाने का प्रयास करता हूं जिससे कोई दुर्घटना घटित न हो सके। वही डीएफओ का फोन स्विच आफ मिला।



## जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं रेलवे क्रॉसिंग सुरक्षा की कमी के चलते लापरवाह हुए यात्री

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़।** रेलवे स्टेशन से एक वीडियो वायरल हो रहा है इसमें दिखाई दे रहा है की एक ट्रेन से उतर कर कुछ लोग रेलवे क्रॉसिंग कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर से एक ट्रेन आ रही है लोग अपनी जान की परवाह न करते हुए रेलवे क्रॉसिंग कर रहे हैं उन्हें भी साफ दिखाई दे रहा है कि दूसरी ओर से ट्रेन आ रही है लेकिन वह पटरी क्रॉस करने में लगे हुए हैं ऐसे में कोई भी हादसा हो सकता था यहां पर रेलवे पुलिस की कमी के चलते यह घटनाएं आम हो चुकी है यात्री लापरवाही दिखाने में पीछे नहीं हट रहे हैं अगर पुलिस की व्यवस्था होती तो शायद यह लापरवाही ना होती एवं रेलवे ओवर ब्रिज ना होने की वजह से लोगों को पटरियों से क्रॉसिंग करनी पड़ रही है इस वीडियो में जहां रेलवे की लापरवाही दिखाई दे रही हैतो वही यात्रियों की लापरवाही है जो कि अपनी जान जोखिम में डालकर क्रॉसिंग कर रहे हैं जहां रेलवे प्रशासन की लापरवाही दिख रही है वही कुछ जिम्मेदारी यात्रियों की भी होती है क्या यात्रियों को ट्रेन दिखाई नहीं दे रही थी अगर ट्रेन सामने आ रही थी तो वह थोड़ा रुक कर क्रॉसिंग कर सकते थे लेकिन जल्दबाजी के चक्कर में लापरवाही करने से नहीं चूक रहे हैं यात्री।

# पुरानी पेंशन बहाली पर गंभीरता से विचार करेंगे ~ मंत्री डॉ भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** न्यू मोमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ भिंड के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व एनपीएस प्राप्त सभी विभागों के शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज शुक्ला, चंबल संभाग अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सेंगर, एवम महिला प्रकोष्ठ से जिला अध्यक्ष ऊषा दीक्षित एवं प्रदेश आईटी सेल प्रभारी अंजू शर्मा के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु बड़ी संख्या में एकत्रित होकर मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया को ज्ञापन सौंपा।। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की ओर से सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह



भदौरिया ने कहा कि हमारी बात लगातार चल रही है, ओल्ड पेंशन बहाली पर गंभीरता से विचार करेंगे, हमारी सरकार कर्मचारी हितैषी है। शासन के बजट का बड़ा हिस्सा शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया जाता है । भिंड विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने भी पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु सहमति जताई।।इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सेंगर ने कहा जिस प्रकार मुख्यमंत्री जी ने 31% डीए की घोषणा की है उसी प्रकार वे पुरानी पेंशन बहाल भी करेंगे ऐसा हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है।

### जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ

ऊषा दीक्षित ने सहकारिता मंत्री से कहा की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आप हम महिलाओं को पुरानी पुरानी पेंशन बहाल कर हमारे बुढ़ापे का सहारा में वापस कर दीजिए। इस अवसर पर अंजू शर्मा, क्षमा मिश्रा, गीता प्रजापति, जिला अध्यक्ष पटवारी संघ राघवेंद्र तोमर, जिला सह सचिव मयंक खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी अमित भारद्वाज, जनशिक्षक विनीत राजोरिया, अश्वनी तिवारी, शंभू सिंह, राजेश थापक, अमित शर्मा, अशोक चौहान, रामकुमार तिवारी, धीरेश दुबे, नवीन कुमार, सुरेंद्र बघेल लक्ष्मी नारायण मिश्रा, विजय बहादुर रायपुरिया, प्रभात राजावत, बसंत शर्मा, साकेत एवं जिला अध्यक्ष भिंड गगन शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में सभी विभागों के एनपीएस कर्मचारी एवं अधिकारी सम्मिलित हुए और सभी ने एक ही मांग की कि हमारी पुरानी पेंशन जल्द से जल्द बहाल की जाए।

# नलजल योजना के माध्यम से घर-घर तक पहुंचेगा स्वच्छ जल : सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया

### सहकारिता मंत्री ने अटेर के कनावर, सिंहुडा, सांकरी एवं सराया में 13 करोड 7 लाख से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन





**पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कार्यक्रमों में बोलते हुए कहा कि हमारी सरकार अपनी योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर उनको बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने के प्रति लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की महत्वपूर्ण योजना जलजीवन मिशन के अंतर्गत अब घर-घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ जल पहुँचेगा। उन्होंने कहा कि अब हमारी बहन-बेटियों को पानी भरने बाहर नहीं जाना होगा। मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सीएम राइज स्कूलों की स्थापना की जा रही है। यह स्कूल सर्वसुविधा युक्त होंगे। इन विद्यालय के माध्यम से शिक्षा के स्तर में और अधिक बढ़ोत्तरी होगी। इस दौरान भिण्ड विधायक संजीव सिंह, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, एसडीएम अटेर उदयसिंह सिकरवार, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मंत्री डॉ भदौरिया ने कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए समान रूप से कार्य कर रही है। सभी इलाकों का सर्वांगीण विकास हो, लोगों को आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ परिवेश, आवागमन के लिए अच्छी सड़कें आदि सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा कि अटल प्रगति पथ इस क्षेत्र में विकास के नये द्वार खोलेगा, उन्होंने बताया कि अटल प्रगति पथ मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान एक्सप्रेस-वे से मिलेगा। राज्य शासन इसके आसपास इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित करेगा जिससे रोजगार के नए अवसर बनेंगे। मंत्री डॉ भदौरिया ने कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को बताया कि आगामी समय में चंबल के किनारे भव्य अटेर महोत्सव मनाया जाएगा चंबल के किनारे अटेर महोत्सव में खेल की गतिविधियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, महोत्सव में आप सभी लोग उपस्थित होकर अपनी सहभागिता दें।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने अटेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कनावर में 9 करोड़ 56 लाख से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसके अंतर्गत उन्होंने 6 करोड़ 17 लाख लागत की कनावर नलजल योजना का भूमिपूजन, 1 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले शा.हायर सेकेंड्री विद्यालय भवन कनावर का भूमिपूजन, 1 करोड़ 89 लाख लागत से निर्मित होने वाली सिंहुड़ा-कनावर सड़क का भूमिपूजन, 14 लाख 15 हजार की लागत के तालाब निर्माण का भूमिपूजन करने के साथ 34 लाख 43 हजार की लागत से निर्मित गौशाला का लोकार्पण किया। मंत्री डॉ भदौरिया ने ग्राम पंचायत सिंहुडा में 1 करोड़ 67 लाख 10 हजार की लागत से जलजीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना का भूमिपूजन के साथ 33 लाख 06 हजार की लागत से अकोड़ा-सिंहुडा मार्ग से कैमऊ पहुंच मार्ग का लोकार्पण किया। सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने अटेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सराया में 106 लाख 98 हजार से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसके अंतर्गत उन्होंने 23 लाख 04 हजार की लागत से तीन आंगनवाड़ी भवन निर्माण का लोकार्पण, 01 लाख 58 हजार की लागत से बाउंड्रीवाल निर्माण प्रा.वि. नईगढ़ी का लोकार्पण, 07 लाख 20 हजार की लागत से किचिन/डायनिंगहाल निर्माण कार्य का लोकार्पण, 47 लाख की लागत से दो सुदूर सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण, 15 लाख की लागत से पंचायत भवन बाउंड्रीवाल निर्माण का भूमिपूजन करने के साथ 12 लाख 80 हजार की लागत से पंचायत भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने अटेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सांकरी में 44 लाख 05 हजार से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसके अंतर्गत उन्होंने 7 लाख 80 हजार लागत की आंगनवाड़ी भवन निर्माण का लोकार्पण, 23 लाख 89 हजार की लागत से पांच सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण/भूमिपूजन, 03 लाख 43 हजार की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसर का लोकार्पण, 02 लाख 50 हजार की लागत से पंचायत भवन मरम्मत कार्य का भूमिपूजन करने के साथ 06 लाख 43 हजार की लागत से रिटर्निंग वाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

हुण्डी ठग-आशु गुप्ता, उसके परिजन एवं संरक्षणदाताओं के खिलाफ एमपीसीसीआई के नेतृत्व में किये जा रहे आंदोलन की श्रृंखला में

# सराफा बाजार में हुआ धरने का आयोजन

### बुधवार, 9 मार्च 2022 को उपनगर ग्वालियर में शाम 4 से 5 बजे तक आयोजित होगा धरना




ग्वालियर। हुण्डी ठग-आशु गुप्ता, उसके परिजन एवं संरक्षणदाताओं के खिलाफ एमपीसीसीआई के नेतृत्व में किये जा रहे आंदोलन की श्रंखला में आज सराफा बाजार, लश्ड़कर में शाम 4 बजे से 5 बजे तक धरना आयोजित किया गया। सराफा बाजार में धरना सोना एवं चांदी व्यवसाय संघ के सहयोग से आयोजित किया गया। धरने में शहर के विभिन्न बाजारों की एसोसिएशनों के प्रतिनिधि एवं कारोबारियों ने उपस्थित होकर व्यापारी एकता को प्रदर्शित करते हुए शक्ति प्रदर्शन किया और आशु गुप्ता एवं उसके संरक्षणदाताओं के खिलाफ सीआईडी जांच को धोखा बताया और शासन-प्रशासन से इस ठगी कांड में लिप्त आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए व्यापारियों का पैसा वापिस दिलाये जाने की मांग की।

धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्षीय कार्यभार का निर्वहन कर रहे उपाध्यक्ष-पारस जैन ने कहा कि सर्राफा व्यपारियों द्वारा पूर्व में किये गये 43 दिन के आंदोलन में हमें शहर के सभी बाजारों का समर्थन मिला था, इसलिए सराफा व्यवसायी आपके हर आंदोलन में बढ-चढकर हिस्सा लेंगे। इस ठगी कांड से यह साफ हो गया है कि चोर-चोर मौसेरे भाई होते हैं। ठग आशु गुप्ता को मिला संरक्षण इस बात का प्रमाण है। शासन-प्रशासन ने ठगी के आरोपियों को संरक्षण देकर व्यापारियों के साथ कुठाराघात किया है। आज विधानसभा में इस ठगी कांड का मुद्दा उठा है, तो निश्ड़चित है इससे माननीय मुख्यमंत्री जी व विधानसभा अध्यक्ष महोदय अवगत हुए होंगे। व्यापारियों ने मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता चुना है। हम सभी को 11 मार्च को अपना व्यापार स्वेच्छा से बंद रखकर व्यापारिक एकता को प्रदर्शित करते हुए इस कांड में अनसुनी करने वाले शासन-प्रशासन तक अपनी बात जोरदार तरीके से पहुंचाना है।

संघर्ष समिति के संयोजक एवं मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि जब से यह आंदोलन व्यापारियों की एकजुटता के साथ प्रारंभ हुआ है तब यह बात उन लोगों के भी समझ में आ गई है कि हमारे पैसे से जो स्विटजरलैंड और थाईलैंड घूमने गये थे, उन्हें अब जेल भी जाना होगा, क्योंकि व्यापारी अब जाग गया है। इस आंदोलन ने यह मैसेज उन सभी ठगों को दे दिया है। हमारा यह चौथा धरना है और शासन प्रशासन तक हमारी बात पहुंच चुकी है, संदेश आ रहा है कि टेबिल पर बैठकर बात कर लें लेकिन हमने कह दिया है कि अब सीधी बात मुख्यमंत्री जी से होगी। व्यापारियों के साथ हुई इस धोखाधड़ी का निराकरण होना चाहिए, आंदोलन करना हमारा उद्देश्य नहीं है। हमारा उद्देश्य यह है कि व्यापारी की गाढी कमाई का पैसा अब कोई नहीं खा पायेगा। युवा व्वसायी-स्व. श्री हर्षिल साहनी ने प्रताड़ित व मजबूर होकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, उनके परिवारजन पर क्या गुजर रही होगी, उसे अब तक न्याय नहीं मिला है। उनके परिजनों को न्याय दिलाने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। यह लड़ाई अब रूकेगी नहीं। हमारी मांगें पूरी हो जायें तब भी हम आंदोलन को समाप्त न करते हुए स्थगित करेंगे क्योंकि पुनः यदि ऐसा कोई करता है तो फिर इस आंदोलन को प्रारंभ कर दिया जायेगा। 11 मार्च का बंद अभूतपूर्व हो, इसके लिए हम सभी स्वेच्छा से अपना व्यापार बंद रखें। हमारी यह एकता भविष्य में हमारी हर मांग में कार्य करेगी। आपने कहा कि आगामी धरना बुधवार 9 मार्च,2022 को उपनगर ग्वालियर में 4 से 5 बजे तक होगा। आज के धरने को पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव-जगदीश मित्तल, नजरबाग मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं चेम्बर के पूर्व उपाध्यक्ष-सुरेश बंसल, सोना एवं चांदी व्यवसाय संघ के अध्यक्ष-पुरूषोत्तम जैन, दि ग्वालियर होलसेल क्लॉथ मर्केन्टाइल एसोसिएशन के सचिव-विजय जाजू, दाल बाजार व्यापार समिति के सचिव-राजेश बांदिल 'मनीषक्क, एमपीसीसीआई के कार्यकारिणी समिति सदस्य-संजीव अग्रवाल कुक्कू, विवेक जैन सहित सदस्य-दिलीप पंजवानी, दुष्यंत साहनी, सुनील अग्रवाल, संजय कुमार अग्रवाल आदि ने संबोधित किया। धरने में कार्यकारिणी समिति सदस्य-आशीष जैन, अखिलेश गोयल, किशोर कुमार कुकरेजा, मनोज सरावगी, सुनील अग्रवाल, प्रदीप सिंघल, रमेश खण्डेलवाल, महेश कुमार जैन, लक्ष्मन बंसल, मनोज गोयल, संदीप वैश्य आदि सहित एक सैकड़ा से अधिक सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर आयोजित




ग्वालियर। अंतर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र ग्वालियर में महिलाओं के हित में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र श्री पी.सी. श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समूह केन्द्र ग्वालियर में निवासरत महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच एवं उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए शिविर आयोजित किया गया। क्षेत्रीय परिवार कल्याण केन्द्र एवं ग्रुप केन्द्र अस्पताल के सहयोग से शनिवार को समूह केन्द्र में खास तौर पर सरवाईकल व स्तन कैंसर जाँच शिविर लगाया गया। साथ ही जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जेएएच की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना मौर्या एवं उनकी टीम के द्वारा शिविर में उपस्थित सभी महिलाओं की जाँच की गई । साथ ही सेहत से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

इस शिविर के आयोजन में समूह केन्द्र के उप कमांडेंट श्री अरूण कुमार, डॉ. मनदीप सिंह, डॉ. वर्षा सैनी तथा क्षेत्रीय परिवार कल्याण केन्द्र की कार्मिक सुश्री मीनू खान व सुश्री नमिता रानी मोहन्ती का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री काशी बाबा देव महाराज का होली मिलन समारोह 21 और 22 मार्च को बेहट में, तैयारियां प्रारंभ

ग्वालियर । प्रजापति समाज के आराध्य देव श्री काशी बाबा देव महाराज का होली मिलन समारोह का आयोजन 21 और 22 मार्च को बेहट मैं होगा । यह जानकारी श्री काशीबाबा देवस्थान न्यास के अध्यक्ष प्रह्लाद प्रजापति ने दी। श्री काशीबाबा देवस्थान न्यास के अध्यक्ष प्रह्लाद प्रजापति ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली की चतुर्थी एवं पंचमी को प्रजापति समाज का होली मिलन समारोह श्री काशी बाबा देव महाराज की समाधि स्थल ग्राम इकौना बेहट जिला ग्वालियर में मनाया जाएगा उन्होंने बताया कि इस वर्ष दो दिवसीय होली मिलन समारोह का आयोजन 21 और 22 मार्च को आयोजित होगा इस मेला समारोह में ग्वालियर चंबल संभाग के अलावा राजस्थान उत्तर प्रदेश दिल्ली आदि स्थानों से श्रद्धालु भक्तजन शामिल होकर श्री काशीबाबा देव की पूजा आराधना करते हैं। पहलाद प्रजापति ने बताया कि होली मिलन समारोह पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है इसको लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है वही प्रजापति समाज के लोग संपर्क भी कर रहे हैं ।

### 8 मार्च को कांग्रेस फूलबाग चैराहा पर छात्र नेतांओ की रिहाई के लिए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेगी: डॉ देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने आज घोषणा करते हुए कहा कि 8 मार्च को फूलबाग चैराहा पर भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस के छात्र नेतांओ पर अन्यायपूर्वक लगाए गए प्रकरणो के खिलाफ न्याय दिलाने एवं जेल से रिहा कराने के लिए 8 मार्च को अनिश्चितकालीन धरने पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुनील शर्मा बेठेंगे। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि राजनैतिक द्वेष भावना से भाजपा सरकार द्वारा कांग्रेस के छात्र नेतांओ पर मनगढंत प्रकरण लगाकर उन्हें अकारण जेल भेजकर उनके भविष्य के साथ खिलावाड़ किया है, जबकि छात्र नेतांओ ने एसआई दीपक गौतम को जलने से बचाने का प्रयास किया था, भाजपा के इस तानाशाही के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया जाएगा। धरने मे प्रतिदिन क्रमानुसार कांग्रेसजन भूख हड़ताल करेंगे और छात्रो को न्याय दिलाने के लिए गांधीवादी तरीके आंदोलन करेंगे।

# बजरंग दल ने निकाला विशेष ड्रेस पहनकर पद संचलन

### हिन्दू समाज के आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाने के उद्देश्य से विशाल शौर्य पद संचलन निकालने की आवश्यकता पड़ी है - खगेन्द्र भार्गव






ग्वालियर। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने दिनांक 06 मार्च, 2022 शामः 04:00 बजे विशेष ड्रेस पहनकर पद संचलन में अनुशासन के साथ सैकड़ो बजरंग दल कार्यकर्ता इस पद संचलन में शामिल हुए। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हाथो में भगवा ध्वज और लाठी लेकर एकता अखण्डता समरसता और शक्ति प्रदर्शन किया। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री खगेन्द्र भार्गव एवं प्रांत मंत्री पप्पू वर्मा ने कार्यकर्ताओं को तेरापंति धर्मशाला में मार्गदर्शन दिया। बजरंग दल पद संचलन का शुभारम्भ तेरापंति धर्मशाला से राम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित माध्यभारत प्रांत संगठन मंत्री खगेन्द्र भार्गव, प्रांत मंत्री पप्पू वर्मा, प्रांत सह संयोजक मनोज रजक, विभाग मंत्री पप्पू राठौर, जिलाध्यक्ष मुकेश गुप्ता द्वारा किया गया। इन जगहों से होकर गुजरा शौर्य संचलन तेरापंति धर्मशाला, गस्त का ताजिया, राम मंदिर की परिक्रमा करते हये दौलतगंज, महाराज बाडा, माधव गंज, गोरखी स्काउट, हेमू कालनी चौक, मोर बाजार, जनकगंज, हनुमान चौराहा, नई सड़क होते हुये तेरापंति धर्मशाला में पहुंचा कार्यक्रम से पूर्व प्रमुख प्रान्त अधिकारियों के द्वारा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री खगेन्द्र भार्गव ने बताया कि हिन्दू समाज के आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाने के उद्देश्य से और राष्ट्रीय विरोधी शक्तियों को बजरंग दल क्या है यह बताने के लिए हमें विशाल शौर्य पद संचलन निकालने कि आवश्यकता पड़ी है गीता जयंती 1992 के दिन ही हिन्दू समाज के युवाओं ने श्रीराम जन्मभूमि से विवादास्पद ढ़ाचा को हटाकर अपनी श्रद्धा शौर्यता का प्रदर्शन किया था उस दिन सारी दुनिया ने देखा था कि जब हिन्दू अंगड़ाई लेता है तो जो वह जो सोचता है और कहता है और कहता है उसे पूरा करता है। हिन्दू कि उदारता को कायरता समझने वाले हिन्दू की महानता को नहीं जानते देश धर्म और संस्कृति कि रक्षा सर्वोपरि है। जिसके लिये प्रत्येक नागरिक को संकल्पित होना चाहिये वर्तमान में देश को अनेक चिनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन करते हुये देश धर्म की रक्षा के प्रयास करने चाहियें। साथ हि विश्व हिन्दू परिषद प्रांत मंत्री पप्पू वर्मा ने बताया कि हिन्दू समाज को विभिन्न जातियों और समुदायों से ऊपर उठकर हिन्दू धर्म के प्रति सकारात्मक सोच अपनानी होगी। सभी को श्रीराम के प्रति आस्था रखनी होगी। जिससे भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाया जा सकेगा। संचलन में यह भी हुये शामिल मनोज गोडिया, प्रताप सिकरवार, शेरू भाई, रविराज लुढेले, दीपक परमार, उदयभान रजक, कृष्णकुमार रावत, दीपक मांझी, नीरज ऊचियां गोलू सैन, गजेन्द्र दिसौरिया, रवि शर्मा, रंजीत रजक, धनराज थनवार, राजू गोस्वामी, रवि जैन, जगदीश चौहान, विजय लेकवानी, विजय कन्नौजिया, चेतन मीणा, मनोज विश्वकर्मा, कपिल भार्गव, आकाश रजक, अभय सक्सैना, नरेन्द्र यादव, अभिनाश जगताप, ओमप्रकाश रघुवंशी, राकेश कुशवाह, विर सिंह गौड, लल्ल शिवहरे, रिंकि गोडिया, बबलू रजक, आदि सैकडा कार्यकर्ता शामिल हये।

## मुनिश्री प्रवक्ता के निवास पर पधारे, पदाप्रच्छालन कर गाए भजन उतारी आरती

### मुनिश्री ढोल के साथ प्रवक्ता के निजनिवास पर पहुँचकर अपने चरण फखड़े



ग्वालियर- वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज के जन्मदिन से एक दिन पहले अपने परम गुरु जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम के निज निवास वृज विहार कालोनी पहुँचे! आज रविवार को ढोलतासे के साथ वात्सल्य सरोवर मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज गुरुदेव अपने परम भक्त प्रवक्ता सचिन जैन के निवास पर पहुचे। गुरुदे का अष्ट द्रव्य से पूजन कर चरणों मे अर्घ्य समर्पित किया! मुनिश्री के शुद्धजल से पाद प्रक्षालन कर गुरुवर आज मेरी कुटिया में आए है...गुरुवर की कृपय जिस पर हो जाये मौज उ?ाए..मेरे सिर पर रखा दो गुरुवर अपने हाथ...भजनों के साथ नृत्य करते हुए भव्य दीपो से आरती उतारी! इस मौके पर माताश्री मीना जैन, प्रवक्ता सचिन जैन, मनोज जैन, मधु जैन, आयुषी जैन, सोनल शर्मा, आदि ने मंगल आशीर्वाद लिया!

### मुनिश्री का 52 वां जन्म अवतरण दिवस 7 मार्च को बनेगा, होगा पाद प्रक्षालन व गुरुपूजन

ग्वालियर। जैन मिलन ग्वालियर एवं दिगंबर सकल जैन समाज के तत्वावधान में राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज का 52 वां जन्म (अवतरण) दिवस 7 मार्च 2022 को दोपहर 01:00 बजे से नई सड़क स्थित चंपाबाग बगीची में बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि 07 मार्च को दोपहर 01-00 बजे से मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज, मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज के परम सानिध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, स्वागत नृत्य, भगवान के चित्र अनवरण, दीप प्रज्वलन, शास्त्र भेंट, पाद प्रक्षालन, एवं गुरुपूजन भक्ति के साथ आयोजित किया जाएगा।




# तीन दिवसीय सांसद नेत्र शिविर का केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने किया शुभारंभ

### गरीब मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, बाहर से नेत्र रोग विशेषज्ञ बुलाए



ग्वालियर/नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और क्षेत्रीय सांसद श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मुरैना जिले में आयोजित तीन दिवसीय सांसद नेत्र शिविर का आज वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री तोमर ने बताया कि मुरैना जिले के गरीब वर्ग के मोतियाबिंद से पी?ित मरीजों के ऑपरेशन शिविर में निःशुल्क किए जाएंगे और विशेषज्ञों द्वारा गरीबों का नेत्र रोग संबंधी सभी उपचार किया जाएगा। श्री तोमर ने कहा कि शिविर के माध्यमसे हम लोगों की कोशिश यह है कि मुरैना जिले में ऐसे कोई भी गरीब मरीज बाकी नहीं रहे, जिन्हें मोतियाबिंद का ऑपरेशनकराना हो और वे धनाभाव में नहीं करा पा रहे हो। मुरैना में पहले भी ऐसा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था, जिसमें एक हजार से अधिक मरीजों को लाभ मिला था। पूर्व के शिविरों में जिले में करीब पांच हजार मरीज सम्मिलित हुए थे। आज से फिर प्रारंभ हुआ यह अभियान इफको व जनप्रतिनिधियों-समाजसेवियों के सहयोग से 8 मार्च तक चलेगा। इस दौरान संपूर्ण जिले में जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सभी स्थानों पर ऑपरेशन कराने के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। शिविर को सफल बनाने के लिए बाहर से नेत्र रोग विशेषज्ञों को बुलाया गया है। शिविर की सफलता के लिएजिला प्रशासन द्वारा भी समुचित प्रयास किए गए हैं। पूर्व की तरह यह अभियान भी सभी के सहयोग से सफल होगा। श्री तोमर ने सभी लोगों से अपील की है कि तीन दिवसीय अभियान में कोई भी गरीब नेत्र पीड़ित व्यक्ति मोतिया बिंद ऑपरेशन व अन्य उपचार कराने से वंचित न रहे, यह हमारा प्रयास होना चाहिए। उन्होंने शिविर में सहयोग के लिए इफको के सीएमडी श्री यू.एस. अवस्थी को धन्यवाद दिया। इस दौरान इफको के विपणन निदेशक श्री योगेंद्र कुमार वश्री एस.बी. सिंह, कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री योगेशपाल गुप्ता, जिला पंचायत के सीईओ श्री रोशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संजीव जैन, श्री अरूण तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता हर्षाना, श्री रघुराज कंषाना, श्री गिरिराज डंडौतिया, श्री मुंशीलाल, श्री शिवमंगल सिंह तोमर, श्री नागेंद्र तिवारी, श्री हमीर सिंह पटेल, श्री रामकुमार माहेश्वरी, श्री रामनरेश शर्मा, श्री अरविंद शर्मा, श्री अरविंद सिकरवार, श्री चरूकृष्ण डंडौतिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती भावना जादौन, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री सोनू परमार एवं श्री नीरज भदौरिया आदि उपस्थित थे।

## विधायक डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में चला घर-घर चलो अभियान



ग्वालियर। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के आदेश पर प्रदेश में चलाये जा रहे घर-घर चलो अभियान के तहत 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के गोले के मंदिर ब्लॉक में वार्ड क्र.18 में यह अभियान चलाया गया । वार्ड 18 में पानी की टंकी पिन्टू पार्क से प्रारम्भ होकर आदर्श नगर, कक्का विहार, दुर्गा विहार एवं आस-पास के सभी क्षेत्रों में घर-घर दस्तक दी। अभियान के दोरान विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने हर घर-घर सम्पर्क कर पत्रक वितरण किये। इस कार्यक्रम में विधायक डॉ. सिकरवार के साथ ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू श्रीवास, ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष दलवीर बोहरे, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, सागर नाती, गुड्डू राजावत, गौरव तिवारी, बृजेंद्र सिंह तोमर, रामबाबु श्रीवास, भगवानदास कुशवाह, लायक राम माहोर, कमल पाल ,राजा भदौरिया, राजेश शर्मा ,राकेश शर्मा, सोवरन तोमर, पप्पू कंसाना, बिपिन दंडोतिया, सुमित पाठक, सतवीर बघेल, महेश गुर्जर, संजय शर्मा गौरव सिकरवार, दौलत खान, श्रीमती निधी शर्मा, रंजना चौहान, सुमन यादव, हरेंद्र वर्मा, अजीत भदोरिया, संजय राठौर, छोटू तोमर आदि कार्यकर्तागण मोजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478